# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, गुरुवार, 27 मार्च 2025

संवत 2081, चैत्र कृष्णपक्ष 13 - मूल्य 2 रुपये

वर्ष-8, अंक 201 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028





4 ▸▸ कैसे रुकेगा राजनीति का अपराधीकरण

दीपिका सहित बॉलीवुडसितारे जो फिटनेस के हैं दीवाने ◂◂ 6


# भाजपा नेता की हत्या के विरोध में रांची बंद असरदार








**संवाददाता**

- चौराहों पर उतरे लोग, कहीं प्रदर्शन तो कहीं आगजनी ,दुकानें बंद
- हिरासत में भाजपा के कई नेता,धरने पर बैठे संजय सेठ
- सुरक्षा के व्यापक इंतजाम
- बेरिकेडिंग कर जाम किया रोड, नहीं चले पब्लिक ट्रांसपोर्ट

**रांची:** भाजपा नेता अनिल टाइगर के हत्या के विरोध में आहूत रांची बंद का राजधानी में व्यापक असर दिख रहा है। रांची के कांके चौक सहित दर्जनों स्थनों पर हत्या के विरोध में प्रदर्शन किए जा रहे हैं। रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ के साथ-साथ दर्जनों भाजपा नेता सड़कों पर उतरकर बंद को समर्थन दे रहे हैं। वहीं, दूसरी तरफ रांची पुलिस ने एहतियातन प्रतुल शाहदेव और भैरव सिंह जैसे कई भाजपा नेताओं को हिरासत में ले लिया है।

बंद का असर, हर तरफ प्रदर्शनः अनिल टाइगर की हत्या के खिलाफ बुलाए गए बन्द का राजधानी रांची के लगभग सभी इलाकों में व्यापक असर दिख रहा है। रांची के शहर और ग्रामीण दोनों ही इलाकों में सुबह से ही भाजपा कार्यकर्ता और भाजपा के बड़े नेता सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन कर रहे हैं। रांची के रातू रोड में देश के रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ बंद को सफल बनाने के लिए सड़क मार्च किया।

भाजपा के कई नेता अपने-अपने क्षेत्र में बंद को सफल बनाने के लिए सुबह से ही सड़क पर उतरे हुए हैं। सबसे ज्यादा बन्द का असर रांची के कांके इलाके में नजर आ रहा है। कांके इलाके में ही बुधवार की शाम अनिल टाइगर की गोली मारकर हत्या की गई थी। हत्या के विरोध में बुधवार की सुबह से ही कांके चौक को पूरी तरह से जाम कर दिया गया है। जगह-जगह पर टायर जलाकर प्रदर्शन किया जा रहा है।

**धरने पर बैठ केंद्रीय मंत्री संजय सेठः** रांची की बिगड़ती कानून व्यवस्था और बीजेपी नेता अनिल टाइगर की हत्या के विरोध में केंद्रीय मंत्री सह सांसद संजय सेठ पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ पिस्का मोड़ में धरने पर बैठ गये हैं।

**स्कूल और व्यापारिक प्रतिष्ठान बंदः** रांची बंद को लेकर रांची के लगभग सभी स्कूल बुधवार को बंद है। व्यापारिक प्रतिष्ठान, छोटे दुकान, बाजार और हाट भी बंद है। रांची के अरगोड़ा, किशोर गंज, बरियातू ओरमांझी, बेड़ो ,धुर्वा ,खलारी ,कांके रातू ,रातू रोड ,बूटी मोड़ पर भाजपा कार्यकर्ता सड़क जमकर प्रदर्शन करते नजर आए हैं।

**50 से ज्यादा हिरासत में:** राजधानी रांची में संवेदनशीलता को देखते हुए भाजपा नेता प्रतुल शाहदेव और भैरव सिंह को रांची पुलिस ने सुबह से ही हिरासत में रखा है। वहीं, राजधानी विभिन्न इलाकों से प्रदर्शन कर रहे 50 से ज्यादा भाजपा कार्यकर्ताओं को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ भी बंद के समर्थन में सड़क पर उतरे हैं।

## युवक की गला रेतकर हत्या, शव बरामद

**संवाददाता**

**रामगढ़:** जिले के भुरकुंडा थाना क्षेत्र में एक युवक की गला रेतकर हत्या कर दी गई है। जानकारी मिलने के बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर मामले की जांच में जुट गई है । मृत युवक की पहचान सेंट्रल सौंदा भुरकुंडा निवासी दीपक पासवान के रूप में की गई है । वहीं घटना के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल ह ।

**बुधवार शाम से था लापता:** परिजनों से मिली जानकारी अनुसार दीपक पासवान यूपी के गोरखपुर में काम करता था । होली के अवसर पर वह अपने घर भुरकुंडा सेंट्रल सौदा आया था । बुधवार की शाम वह मोबाइल लेने के लिए भुरकुंडा बाजार आया था,लेकिन देर रात तक घर लौटा था । इसके बाद परेशान होकर परिजनों ने कई बार उसके मोबाइल पर फोन किया, लेकिन दीपक फोन नहीं उठा रहा था ।

सड़क किनारे मिला शवःगुरुवार सुबह भुरकुंडा फोरलेन सड़क किनारे से युवक का शव बरामद किया गया । उसके लगे पर गहरे जख्म के निशान हैं । परिजनों ने बताया कि दीपक की गला रेतकर हत्या की गई और फिर शव को सड़क किनारे फेंक दिया गया । स्थानीय लोगों की नजर शव पर पड़ने के बाद पुलिस को सूचना दी गई थी । जिसके बाद भुरकुंडा पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच में जुट गई है ।

10 दिन पहले हुई थी युवक की दूसरी शादीः इस संबंध में मृत युवक के पिता बसंत पासवान ने बताया कि दीपक की दूसरी शादी हुई थी । पहली पत्नी एक साल पहले मर गई थी । वहीं दूसरी शादी 10 दिन पहले ही धनबाद में हुई थी । पहली पत्नी से तीन लड़कियां ह । दीपक गोरखपुर में काम करता था. होली पर घर आया था. शाम में मोबाइल लेने के लिए भुरकुंडा बाजार गया था । देर रात नहीं लौटने पर हम लोग परेशान थे । बार-बार मोबाइल में रिंग हो रहा था, लेकिन वह फोन नहीं उठ रहा था । सुबह में लोगों द्वारा पता चला कि दीपक की हत्या हो गई है ।

## जंगल में लटकता मिला लापता युवती का शव

**जमशेदपुर :** पूर्वी सिंहभूम जिले के पटमदा के बिडरा गांव निवासी एक युवती का शव जंगल में पेड़ के सहारे फंदे से लटका मिला है। युवती की पहचान टुंपा कैवर्तो (18 वर्ष) के रूप में की गई। उसका शव घर से कुछ दूरी पर जंगल में पेड़ लटका मिला। परिजनों के अनुसार, युवती की दिमागी हालत ठीक नहीं थी। परिजनों ने बताया कि टुंपा कैवर्तो सुबह में बिना किसी को कुछ बताए घर से निकल गई। जब वह नहीं लौटी, तो परिवार के लोगों ने उसकी खोजबीन शुरू की। इसी दौरान उसका शव पेड़ से लटका मिला। इसके बाद परिजनों ने घटना की सूचना पटमदा थाना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जांच-पड़ताल की और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एमजीएम अस्पताल, जमशेदपुर भेज दिया।

## दो ट्रकों में टक्कर से लगी भीषण आग चालक की जलकर मौत की आशंका

**गुमलाः** जिले के पालकोट थाना क्षेत्र के अंतर्गत सिमडेगा गुमला सड़क पर बीती रात दो ट्रकों के बीच टक्कर होने से भीषण आग लग गई। जिसके बाद दोनों ट्रक धूं-धूं कर जलने लगी।

सूचना पर पहुंचे पालकोट थाना प्रभारी राहुल कुमार दसोंदी के द्वारा दमकल वाहन को बुलाया गया और काफी मशक्कत के बाद लगभग 2 घंटे बाद आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक दोनों ट्रक जलकर खाक हो चुके थे। वहां पर मौजूद लोगों के अनुसार दोनों वाहन काफी तेज रफ्तार में था,



जिसकी वजह से आमने-सामने से टक्कर हो गई। एक ट्रक में कोयला लदा हुआ था जबकि दूसरा खाली था।

**घटना के बाद से चालक का कोई पता नहीं हैः** बताया जा रहा है कि दोनों ड्राइवरों का अब तक कोई सुराग नहीं मिल पाया है। आशंका जाहिर की जा रही है कि इस भीषण आग की चपेट में कहीं दोनों चालक तो नहीं आ गए हैं। कुछ लोगों का कहना है कि टक्कर होने के साथ दोनों ने ट्रक से कूद कर जान बचाई। रात की घटना की वजह से पुलिस भी स्पष्ट नहीं बता पा रही है। हालांकि सुबह होते ही पुलिस इस मामले पर गहनता से छानबीन में जुट गई है। घटना के बाद वाहनों की लंबी कतार भी काफी देर तक लगी रही।

जानकारी के मुताबिक एक ट्रक अंबिकापुर के अम्बा गांव से कोयला लेकर टाटा नगर जा रहा था। जबकि पालकोट के चौक टंगरा के पास विपरीत दिशा से दूसरा ट्रक आ रहा था, जिसकी आपस में सीधी भिड़ंत हो गई। इसमें बिलासपुर के सिंगा निवासी चालक कुबेर गोस्वामी और दूसरे ट्रक चालक का फिलहाल खोजबीन की जा रही है।

## कठुआ में सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ जारी, दो जवान घायल



**जम्मू :** जम्मू कश्मीर के कठुआ में कुछ आतंकवादियों के देखे जाने के बाद गोलीबारी हुई। सुरक्षा बलों ने इलाके को घेर लिया है। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने इसकी जानकारी दी है। वहीं दो पुलिस कर्मी घायल हो गया है। सेना, एसओजी और सीआरपीएफ ने रात से बिलावर और कठुआ के राजबाग थानाक्षेत्र में घुसपैठ कर पहाड़ों को जाने वाले रूट पर सर्च ऑपरेशन

**डीजीपी लगातार मोर्चे पर, कहा- ढूंढो और खात्मा करो :** बीते दिन हीरानगर के सन्याल गांव के पास जंगलों में आतंकियों की तलाश में घेराबंदी की। डीजीपी नलिन प्रभात ऑपरेशन के दौरान लगातार मोर्चे पर डटे रहे। बुधवार को डीजीपी ने पुलिस अफसरों और थाना प्रभारियों के साथ बैठक कर आतंकवादियों पर नकेल कसने की रणनीतियों पर चर्चा की। उन्होंने कहा, आतंकियों को ढूंढो और उनका खात्मा करो।

अंतरराष्ट्रीय सीमा से सटे सांबा और कठुआ जिले के थानों के प्रभारियों के साथ पुलिस महानिदेशक नलिन प्रभात ने हीरानगर पुलिस थाने में बुधवार शाम खास बैठक की। इसमें लखनपुर से लेकर विजयपुर तक के थाना प्रभारियों, अफसरों के साथ ही एसओजी के अफसर शामिल हुए। सूत्रों के मुताबिक दो घंटे चली बैठक में उन्होंने पुलिस बल का हौसला बढ़ाया। उन्होंने रविवार शाम आतंकियों की फायरिंग का मुंहतोड़ जवाब देने वाली एसओजी टीम की सराहना की। हालांकि और कैसे बेहतर किया जा सकता था, इस पर उन्होंने अफसरों को टिप्स दिए।

ऑपरेशन सन्याल शुरू होने के बाद से ही पुलिस महानिदेशक इस अभियान में खुद शामिल रहे हैं। वे लगातार हीरानगर में ऑपरेशन के दौरान मौजूद रहे। पुलिस के अन्य आला अफसर भी सर्च ऑपरेशन पर नजर बनाए हुए हैं। आने वाले दिनों में अन्य क्षेत्रों में भी तलाशी अभियान बढ़ाए जाने की संभावना है।

### मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन का प्रयास ला रहा रंग

## मानव तस्करी के शिकार झारखंड के 25 नाबालिग बच्चे कराए गए मुक्त

**रांचीः** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के सार्थक प्रयास से लगातार मानव तस्करी के शिकार बालक/बालिकाओं को मुक्त कराकर उनके घरों में पुनर्वासित किया जा रहा है। इसी कड़ी में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित एकीकृत पुनर्वास सह संसाधन केंद्र,नई दिल्ली द्वारा मानव तस्करी के शिकार 25 नाबालिग बच्चों को वापस झारखण्ड पुनर्वासित किया जा रहा है। इन सभी बच्चों की उम्र 12 से 17 वर्ष के बीच है। इनमें से ज्यादतर बच्चियों को एकीकृत पुनर्वास सह संसाधन केंद्र द्वारा दिल्ली पुलिस एवं स्थानीय एनजीओ के सहयोग से दिल्ली एवं दिल्ली से सम्बंधित राज्यों के विभिन्न स्थानों से रेस्क्यू किया गया है। एकीकृत पुनर्वास सह संसाधन केंद्र नई दिल्ली की नोडल ऑफिसर नचिकेता ने जानकारी दी कि साहेबगंज जिला के 02 मानव तस्कर पूनम मरांडी एवं ईश्वर तुरी को पकड़ने के दौरान उनके द्वारा बताये गए बच्चों से सम्बंधित सूचना के आधार पर इन सभी बच्चों को दिल्ली एवं दिल्ली के आसपास के राज्यों से एकीकृत पुनर्वास सह संसाधन केंद्र में कार्यरत राहुल सिंह एवं निर्मला खलखो के अथक प्रयास के बाद निकाला गया है। ये बच्चे गुरुवार को सुरक्षित रांची आ रहे है।

## 5 हजार रिश्वत लेते धराया रोजगार सेवक



**चतरा :** जिले में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने ईटखोरी प्रखंड में मनरेगा कार्य के लिए रिश्वत लेते हुए एक रोजगार सेवक को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। बिनोद सिंह नामक एक व्यक्ति ने एसीबी को शिकायत दर्ज कराई थी कि रोजगार सेवक उमेश कुमार उनके द्वारा किए गए मनरेगा कार्यों के भुगतान के लिए 26,000 रुपये की रिश्वत मांग रहा है। शिकायतकर्ता रिश्वत नहीं देना चाहता था, इसलिए उसने एसीबी से संपर्क किया।

एसीबी ने शिकायत की जांच की और शिकायत को सही पाया। उमेश कुमार ने शिकायतकर्ता से अग्रिम राशि के रूप में 5,000 रुपये की रिश्वत मांगी थी। एसीबी ने एक जाल बिछाया और उमेश कुमार को शिकायतकर्ता से 5,000 रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया।

### सोनिया गांधी पर टिप्पणी का मामला

## अमित शाह के विरुद्ध विशेषाधिकार हनन का नोटिस खारिज



**नई दिल्लीः** राज्यसभा में गृह मंत्री अमित शाह के विरुद्ध कांग्रेस के मुख्य सचेतक जयराम रमेश का विशेषाधिकार हनन प्रस्ताव का नोटिस गुरुवार को खारिज कर दिया गया। सभापति जगदीप धनखड़. ने सुबह सदन में आवश्यक दस्तावेज रखवाने के बाद सदन को बताया कि जयराम रमेश ने आपदा प्रबंधन संशोधन विधेयक की चर्चा के दौरान गृहमंत्री अमित शाह के सोनिया गांधी के संबंध में दिए एक वक्तव्य पर आपत्ति की है और इसे लेकर विशेषाधिकार हनन प्रस्ताव का नोटिस दिया है। सभापति ने कहा कि यह नोटिस मीडिया में उपलब्ध है। ऐसा प्रतीत होता है कि यह अमित शाह की छवि को नष्ट करने, बदले की कार्रवाई करने और मीडिया का ध्यान आकर्षित करने के लिए है। उन्होंने कहा कि अमित शाह ने अपने वक्तव्य को प्रमाणित करते हुए भारत सरकार की 24 जनवरी 1948 की एक विज्ञप्ति पटल पर रखी है।

# चार बच्चों की हत्या करने के बाद पिता ने की आत्महत्या

### धारदार हथियार से रेता मासूमों का गला

**शाहजहांपुर :** उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर से एक सनसनीखेज मामले सामने आया है। जहां एक पिता ने ने धारदार हथियार से अपने 4 बच्चों का गला रेतने के बाद खुद फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। इस घटना से इलाके में सनसनी मच गई है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। प्राथमिक जांच में सामने आया है कि युवक मानसिक रूप से परेशान था।

रोजा थाना क्षेत्र के मानपुर चचरी गांव में राजीव कठेरिया (36 वर्ष) अपनी पत्नी कांति देवी और चार बच्चों के साथ रहता था। उसकी पत्नी कांति देवी करतोली स्थित अपने मायके चली गईं थीं। घर में राजीव और चारों बच्चे थे। इस दौरान उस इस वारदात को अंजाम दिया। राजीव के घर के बगल में रह रहे उसके पिता पृथ्वीराज ने बृहस्पतिवार सुबह पोते को चाय पीने के लिए बुलाया लेकिन अंदर से कोई आवाज नहीं आई। काफी देर तक आवाज देने के बावजूद जब कोई बाहर नहीं निकला तो उन्होंने घर के अंदर झांककर देखा। अंदर का मंजर देखकर उनकी चीख निकल गई। उनकी रूह कांप गई।



चारों बच्चों के गले धारदार हथियार से रेत दिए गए थे। अंदर राजीव साड़ी के फंदे से कुंडे से लटका हुआ था। घटना की सूचना मिलते ही एसपी राजेश द्विवेदी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पिता पृथ्वीराज ने बताया कि राजीव के साथ एक साल पहले हादसा हो गया था।

तब से वह मानसिक रूप से परेशान रहता था। कभी-कभी दिमाग पर गर्मी चढ़ जाती थी तो उल्टी-सीधी हरकत करने लगता था। एसपी राजीव द्विवेदी ने कहा कि मामले की जांच चल रही है। प्रथमदृष्टया युवक के मानसिक दबाव में होने की बात सामने आ रही है।

## न्यूज ब्रीफ

### बालू का अवैध खनन बेखौफ जारी, प्रशासन मौन



**सिल्ली :** सिल्ली थाना क्षेत्र के राढ़ू नदी के छोटा चांगड़ू बालू घाट और सुवर्ण रेखा नदी से रात- दिन बालू का अवैध खनन और ढूलाई बेखौफ जारी है। ग्रामीण सोशल मीडिया में अवैध बालू लादकर खुल्लेआम ढूलाई करते हुए ट्रैक्टरों का फोटो और वीडियो लगातार वायरल कर रहे हैं । ग्रामीणों का कहने के बावजूद पुलिस प्रशासन चुप है । जिसका नाजायज फायदा ट्रैक्टर मालिक मन चाहा दामों में बेच उठा रहे हैं। ट्रैक्टर मालिक कहते हैं हर माह एंट्री के साथ के साथ हर ट्रिप में 100 रूपए देना पड़ता है इसलिए 800-1000 रूपए में मिलने वाला 2 हजार में खरीदना पड़ता है।

### त्योहारो को लेकर शांति समिति की बैठक, गाइडलाइन की दी गयी जानकारी

**खलारी :** सरहुल, ईद और रामनवमी को लेकर बुधवार को खलारी पुलिस ने प्रखंड सभागार में शांति समिति की बैठक हुई। इस दौरान तीनों त्योहार शांति व सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में मनाने का निर्णय लिया गया। लोगों ने त्योहार के दौरान विधि व्यवस्था बनाये रखने में प्रशासन को हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। त्योहार को लेकर सरकार के दिशा-निदेर्शों की जानकारी देते हुए पुलिस उप अधीक्षक रामनारायण चौधरी व थाना प्रभारी जयदीप टोप्पो ने बताया कि त्योहारों के दौरान निकलने वाले जुलूसों के रूट में कोई परिवर्तन नहीं किया जायेगा। पूर्व के वर्षों में जिस रूट से जुलूस गुजरता रहा है उसी रूट पर इस वर्ष भी जायेगी। त्योहार के दौरान असामाजिक तत्वों पर पुलिस की नजर रहेगी और उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर किसी तरह का भड़काउ बात न लिखना है न उसे शेयर करना है। किसी को भी ऐसी किसी बातकी जानकारी मिले तो तुरंत पुलिस को सूचना दें। जुलूस में शामिल ध्वनि विस्तारक वाले वाहनों के चालक के पास आवश्यक रूप से अनुज्ञप्ति होना चाहिए, इसके अलावा साउंड सिस्टम मालिक का नाम, आधार नंबर व मोबाइल नंबर थाना में लिखकर देना है।

जुलूस के रास्ते में पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था सुनिश्चित होनी चाहिए। यदि कहीं न हो तो पुलिस को इसकी जानकारी दें, जुलूस या पर्व के दौरान नशा पान करने वालों के विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी। किसी तरह के विवाद में कानून अपने हाथ में नहीं लें, पुलिस को जानकारी दें। त्योहार के दौरान नो इंट्री पर पुलिस की निगरानी रहेगी। आश्वास्त किया किअलविदा जुम्मा व ईद की नमाज के दौरान मस्जिदों व ईदगाह के बाहर पुलिस बल की तैनाती रहेगी।

### सीसीएल के जन आरोग्य केंद्र, गांधीनगर का निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर

**रांचीः** राजधानी रांची के टोंटे चौक एदलहातू गांव में सीसीएल जन आरोग्य केन्द्र, गांधीनगर द्वारा निःशुल्क लेप्रोसी (चर्म रोग) स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा 201 लोगों की निःशुल्क जांच की गई और डॉक्टरी सलाह दी गई। शिविर में विशेषकर चर्म रोग, हीमोग्लोबिन, ब्लड शुगर , हाइपरटेंशन का निःशुल्क जांच किया गया और सभी को निःशुल्क दवा भी दी गयी। । ज्ञात हो की सीसीएल द्वारा अपने हितधारकों तथा समाज के सभी जरूरतमंदों के बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से समय-समय पर इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जाता है। बड़ी संख्या में लोग इसका लाभ उठाते हैं।

शिविर के सफल आयोजन में डॉ रत्नेश जैन, सीएमएस, सीसीएल, डॉ प्रीति तिग्गा सीएमओ, सीएसआर, इंचार्ज, डॉ अनिता होरो, डॉ रजनी कुजूर, डॉ शिल्पी झा, डॉ वीणा सिंह, मुन्ना कुमार सिंह, कमलेश पंडित, हरमन एवं सभी पारा मेडिकल स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।

### कल्याण गुरुकुल के 11 बच्चे प्रशिक्षण के बाद दिल्ली रवाना

**कोडरमाः** कल्याण गुरुकुल कोडरमा में कम टू लर्न एंड गो टू अर्न हुनर भी रोजगार भी के सिद्धांत पर कार्य करते हुए झारखंड के बच्चो में विकास की ज्योति जगाने वाली कल्याण गुरुकुल पंडित एल्युमिनी रिच फॉर झारखंड प्रजा फाउंडेशन कोडरमा गुरुकुल बैच 42 बूमलिफ्ट (लोजेस्टिक) के 11 छात्रों को नियुक्ति पत्र जिला कल्याण पदाधिकारी कोडरमा अनूप कुजूर, एमवीआई जोसेफ टोप्पो साहेब, 45 एनसीसी बटालियन के सूबेदार मेजर रमेश कुमार मिश्रा साहेब, गुरुकुल प्राचार्य राजेंद्र राय , वरीय प्रशिक्षक पंकज जी, मॉबलीज एक्जीक्यूटिव कुमार अभिषेक के उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत प्राचार्य राजेंद्र राय के ओजस्वी पूर्ण शब्दो से शुरूआत कर कभी कभी कविता पाठ का भी श्रवण कराए। तत्पश्चात डीडब्ल्यूओ अनूप कुजूर और एमवीआई जोसेफ टोप्पो अपने प्रोत्साहन बकतब्य द्वारा बच्चो को उन्हें साइट पर अच्छा से काम करने की नसीहत दिए। अपने नपे तुले प्रोत्साहन भाषण के दरम्यान झारखंड के उत्थान में गुरुकुल की महत्व को स्वीकार किए। अंततः सबसे मिलकर अपने कार्यस्थल के तरफ प्रस्थान किए।

### बीएड सत्र 2023- 25 तृतीय सेमेस्टर की प्रयोगिक परीक्षा संपन्न

**झुमरी तिलैयाः** विश्वविद्यालय द्वारा नामित विषय विशेषज्ञों से महाविद्यालय में अध्ययनरत बीएड सत्र 2023- 25 तृतीय सेमेस्टर के प्रशिक्षुओं की प्रायोगिक परीक्षाएँ सम्पन्न हुई। विभिन्न शिक्षा महाविद्यालयों से आये विषय परीक्षकों ने दिनांक 20/03/2025 से 26/03/2025 तक सभी शिक्षण विषय की प्रायोगिक परीक्षा करवाते हुए मुल्याकन किया। इस अवसर महाविद्यालय के सचिव, शिक्षाविद् डा डीएन मिश्रा के कुशल निर्देशन में महाविद्यालय निरन्तर अपनी उच्चतम शिखर को छू रहा है। महाविद्यालय के प्राचार्य डा। अजय कुमार यादव ने समी परीक्षकों, महाविद्यालय के सभी शिक्षकों एवं परीक्षा विभाग को सकुशल परीक्षा सम्पन्न कराने के लिए आभार जताया। प्राचार्य महोदय ने बी। एड सत्र 2025- 27 के प्रशिक्षुओं के नामाकंन हेतु आवेदन की तारीख 20. 04. 2025 तक बढ़ाये जाने की जानकारी देते हुए इच्छुक प्रशिक्षु नामाकन लेने हेतु आवेदन देकर महाविद्यालय में प्रवेश ले सकते हैं। इस अवसर पर बीएड विभाग के सहायक आचार्य डा एसवी मिश्रा, सहायक आचार्य बिनीता कुमारी, सहायक आचार्य एके दूबे, मीना कुमारी (विभागाध्यक्ष) संस्था की आई। क्यूएसी समन्वयक सहायक आचार्य सुरभि कुमारी, सहा. आचार्य कविता कुमारी, सहा. आचार्य सुनील कुमार यादव, सहा. आचार्य सुखनन्दन तिवारी, सहा. आचार्य फरजाना खातून, पुस्तकालयध्यक्ष राजेश कुमार, सहा। गौरी देवी, संस्था की वरिष्ठ लिपिक नीतू कुमारी, सहायक लेखापाल विकम कुमार सिन्हा, संदीप कुमार, संस्था के केयर टेकर अमित कु पाण्डेय, दुर्गा पंडित, कार्यालय सहायक रीना कुमारी, रेश्मा बाड़ा, दिलीप बिन्द, रिजवान खान, मनोरमा देवी, शहनाज खातून, उपस्थित थे। सहायक आचार्य सुरभि कुमारी ने आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया। %%%%%%%%%

राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही समीक्षा बैठक संपन्न,1

रांचीः सीसीएल मुख्यालय में निदेशक (कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्र की वर्चुअल अध्यक्षता में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही समीक्षा बैठक सफलतापूर्वक संपन्न हुई। इस बैठक में महाप्रबंधक (ईई/राजभाषा) संजय कुमार ठाकुर, विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, महाप्रबंधक, राजभाषा नोडल अधिकारी एवं सीसीएल के क्षेत्रों से आए प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक के दौरान राजभाषा हिंदी के प्रचार-प्रसार एवं उसके प्रभावी क्रियान्वयन पर विस्तृत चर्चा की गई। निदेशक (कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्र ने सीसीएल में राजभाषा के प्रोत्साहन हेतु किए जा रहे प्रयासों की सराहना की एवं इसके और अधिक सशक्तिकरण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# मुख्यमंत्री ने आंगनबाड़ी सेविकाओं,पर्यवेक्षिकाओं व हेल्पडेस्क कर्मियों के बीच बांटा स्मार्टफोन

संवाददाता



**रांचीः** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने झारखंड मंत्रालय में महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग द्वारा आंगनबाड़ी सेविकाओं, पर्यवेक्षिकाओं एवं हेल्प डेस्क कर्मियों के बीच स्माटर्फोन वितरण किए। इस दौरान सीएम हेमंत ने कहा कि आज तकनीक का जमाना है और तकनीकें भी हर दिन तेजी से बदल रही हैं।

मुख्यमंत्री सोरेन ने कहा कि ऐसे में आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से संचालित योजनाओं, सेवाओं एवं गतिविधियों में डिजिटाइजेशन को बढ़ावा दिया जा रहा है, ताकि महिलाओं एवं बाल कल्याण के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों में सहूलियत के साथ तेजी आ सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज हर हाथ में स्मार्ट फोन है। स्मार्ट फोन आपके साथ चौबीसों घंटे रहने वाले एक सहयोगी की भूमिका निभा रहा है। यह आपके द्वारा किए जा रहे कार्यों को आसान बना रहा है। ऐसे में स्मार्ट फोन के बिना एक कदम भी आगे बढ़ना आसान नहीं है। इसी बात को ध्यान में रखकर सरकार द्वारा आंगनबाड़ी सेविकाओं, पर्यवेक्षिकाओं एवं हेल्थ डेस्क कर्मियों को स्माटर्फोन दिया जा रहा है, ताकि आप अपने कार्यों को बेहतर तरीके से निभा सके। इससे आप आंगनबाड़ी केंद्रों में संचालित गतिविधियों तथा कार्यों से संबंधित हर दिन की विवरणी और रिपोर्ट को आसानी से तैयार करने के साथ सुरक्षित भी रख सकेंगे। इसके जरिए आपके द्वारा किए गए कार्यों की रियल टाइम मॉनिटरिंग हो सकेगी।

मुख्यमंत्री सोरेन ने आंगनबाड़ी सेविकाओं और पर्यवेक्षिकाओं से कहा कि आपको जो स्माटर्फोन दिया जा रहा है, उसका इस्तेमाल सरकार द्वारा बताए गए एप्प के जरिए सरकारी कार्यों में करें। अपने मोबाइल फोन में एप्प डाउनलोड करने में सावधानी बरतें। लोक-लुभावन तथा प्रलोभन वाले संदेशों के झांसे में ना आएं। इसमें थोड़ी सी भी चूक और लापरवाही बरती तो आपको आर्थिक नुकसान के साथ कई अन्य परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है, ऐसे में अपने स्माटर्फोन का सुरक्षित तरीके से सदुपयोग करें।

मुख्यमंत्री सोरेन ने कहा कि आज स्मार्टफोन की वजह से पूरी दुनिया मुठ्ठी में कैद सी हो गयी है। आपके स्मार्टफोन में हर वह जानकारी उपलब्ध है, जिसको जानने की आपको इच्छा होती है। आज स्मार्ट फोन की वजह से हमारी जिंदगी का हर पल प्रभावित हो रहा है। आप घर में पर्स भूल सकते हैं, लेकिन स्मार्ट फोन छोड़ना नहीं भूलते। ऐसे में यह कहना लाजमी है कि हर चीज की तरह स्मार्ट फोन के भी सकारात्मक और नकारात्मक पहलू हैं। विशेषकर जिस तरह स्माटर्फोन के जरिए अपराध के विभिन्न स्वरूप सामने आ रहे हैं, वह काफी चिंता वाली बात है। ऐसे में यह आप पर निर्भर करता है कि आप किस रूप में स्मार्टफोन का इस्तेमाल करते हैं। अगर स्मार्टफोन का सुरक्षित तरीके से उपयोग करेंगे, तो इससे आपकी जिंदगी काफी आसान बन जाएगी। परन्तु इसके उपयोग में सावधानी बरतना नितांत आवश्यक है। वहीं, इस अवसर पर मुख्य सचिव अलका तिवारी, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग के सचिव मनोज कुमार, निदेशक, सामाजिक सुरक्षा किरण कुमार पासी समेत कई अधिकारी तथा आंगनबाड़ी सेविकाएं एवं पर्यवेक्षिकाएं मौजूद थीं।

# बोकारो में सीबीआई अधिकारियों पर हमला रिकवरी एजेंट को गिरफ्तार करने पहुंची थी टीम

## सीबीआई की टीम ने रिकवरी एजेंट धनराज चौधरी को रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया था



**बोकारोः** जिले के हरला थाना क्षेत्र में सीबीआई एंटी करप्शन टीम पर लोगों ने हमला कर दिया है। सीबीआई की टीम झारखंड ग्रामीण बैंक के गाड़ी रिकवरी एजेंट को गिरफ्तार करने पहुंची थी। इस हमले में सीबीआई टीम के तीन सदस्य घायल हो गए हैं। वहीं इस मामले में रिकवरी एजेंट धनराज चौधरी को टीम ने रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। सीबीआई की टीम ने इस मारपीट की घटना को लेकर हरला थाना में मामला दर्ज कराया है। तीनों सदस्यों का इलाज बोकारो जेनरल अस्पताल में किया गया।

जानकारी के मुताबिक झारखंड ग्रामीण बैंक से एक व्यक्ति ने ट्रैक्टर लोन पर लिया था। लोन नहीं चुका पाने के कारण ट्रैक्टर को रिकवरी एजेंट धनराज चौधरी ने रिकवरी कर रखा था। ट्रैक्टर मालिक बैंक में पैसे चुकाने के बाद ट्रैक्टर को रिलीज करने रिकवरी एजेंट के पास गया। लेकिन रिकवरी एजेंट के द्वारा ट्रैक्टर को वापस देने के एवज में बैंक अधिकारी और खुद के नाम पर पैसे की मांग की जा रही थी। जिसकी शिकायत पीड़ित ने धनबाद सीबीआई एंटी करप्शन को दी थी। सीबीआई एंटी करप्शन टीम ने बुधवार सुबह पहले धनराज चौधरी को पैसे देते रंगे हाथ गिरफ्तार किया। उसके बाद उसे गाड़ी में बैठकर ले जा रही थी। इसी दौरान कालीबाड़ी के पास लोगों का हुजूम मौके पर पहुंचा और सीबीआई की टीम पर हमला कर दिया। इस दौरान सीबीआई की टीम मौके से जान बचाकर आरोपी धनराज चौधरी को लेकर बोकारो निवास पहुंची, जहां उससे पूछताछ की गई।

सीबीआई टीम ने मौके पर आरोपी के घर से ट्रैक्टर को भी जब्त किया है और अन्य कागजातों को भी खंगालने का काम किया। इस दौरान सीबीआई के अधिकारी मीडिया से कुछ भी बोलने से बचते नजर आए। इस दौरान हरला थाना प्रभारी अनिल कश्यप ने बताया कि कार्रवाई के दौरान सीबीआई की टीम से मारपीट की गई है। जिसके बाद टीम ने लिखित शिकायत की है। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है।

### लगातार दूसरी बार कोडरमा जेएमएम जिलाध्यक्ष बने बिरेंद्र पाण्डेय



**कोडरमाः** झारखंड मुक्ति मोर्चा कोडरमा जिला समिति का गठन केंद्रीय महासचिव विनोद पाण्डेय द्वारा किया गया । जिसमें पुनः लगातार दूसरी बार बिरेंदर पाण्डेय को कोडरमा का जिलाध्यक्ष बनाया गया है। साथ ही लगातार दूसरी बार पवन माइकल को भी जिला सचिव को बनाया गया एवं कोडरमा जिला उपाध्यक्ष नन्द किशोर मेहता मो। खलील को बनाया गया जिला कोषाध्यक्ष छोटेलाल विश्वकर्मा को बनाने पर झूमरी तिलैया नगर एवं सम्पूर्ण कोडरमा जिला के झारखंड मुक्ति मोर्चा पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने हर्ष वेक्त किया है साथ ही जिस तरह से बिरेंदर पाण्डेय के द्वारा लगातार संगठन को जोड़ा गया वो काबिले तारीफ है इसी को देखतें हुए उनको पुनः कोडरमा जिला का दोबारा कमान को सौंपा गया। उसके लिए केन्दीय नेतृत्व को दीपक विश्वकर्मा बहुत बहुत धन्यवाद और जोहार करता है। बधाई देने वाले केंद्रीय समिति सदस्य गंगा प्रसाद यादव, गोपाल यादव, संजय पाण्डेय, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी रविन्द्र सांडिल्य, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष निर्मला तिवारी, रौशन कुमार, कुलदीप कुमार, पंकज मोदी, पंकज गुप्ता, राहुल मोदी, टिंकू कुमार, रंजीत केसरी, महेंदर प्रसाद, बबलू विश्वकर्मा, गोपाल भदानी, विकास शर्मा, मनोहर सेठ, अजय अजयसवाल, परमजीत कौर एवं इत्यादि भारी सांख्य में पदाधिकारियों ने हर्ष व्यक्त किया है।

# जवाहर घाटी में हाई मास्क लाइट लगाने का निर्देश

## उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न

मेट्रो रेज संवाददाता



**कोडरमाः** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न हुआ। बैठक में सड़क दुघर्टना की अद्यतन स्थिति, ब्लैक स्पॉट, गुड सेमरेटन, अतिक्रमण, सड़क जागरूकता कार्यक्रम, यातायात व्यवस्था समेत कई बिन्दुओं पर विचार विमर्श किया गया। उपायुक्त महोदया ने पूर्व की बैठक में लिये गये निर्णय पर हुई कार्रवाई की जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उपायुक्त ने जिला परिवहन पदाधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि शहरी क्षेत्रों पर यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करेंगे, आवश्यकतानुसार जगह-जगह पर स्प्रिंग बार्स लगायें। सड़क दुघर्टना की रोकथाम के लिए आवश्यकता अनुसार स्थानों पर रबर स्टैंप लगाने को कहा गया। साथ ही आए दिन जवाहर घाटी में हो रहे सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुए उपायुक्त महोदया ने जवाहर घाटी में हाई मास्क लाइट लगाने का निर्देश दिया। सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाते हुए बिना हेलमेट के दुपहिया वाहन चलाने वाले एवं बिना शीट बेल्ट के वाहन चलाने वालों का नियमित रूप से जांच कर आवश्यक कार्रवाई करें। साथ ही आमजनों के बीच हेलमेट पहनने एवं सीट बेल्ट लगाने को लेकर नियमित रूप से जागरूकता अभियान का आयोजन करें। बैठक में मुख्य रूप से पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह, वन प्रमंडल पदाधिकारी सौमित्र शुक्ला, अनुमंडल पदाधिकारी रिया सिंह, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक, जिला परिवहन पदाधिकारी विजय कुमार सोनी एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### हजारीबाग हिंसा पर पुलिस का एक्शन

## दोनों पक्षों के 30 नामजद सहित 300 अज्ञातों पर प्राथमिकी



**हजारीबागः** मंगला जुलूस के दौरान पत्थरबाजी, हंगामा, तोड़फोड़ और फायरिंग मामले में बड़ी कार्रवाई हुई है। सदर थाना में मजिस्ट्रेट के आवेदन पर 30 नामजद सहित 300 अज्ञातों पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। प्राथमिकी में लोगों को नियंत्रित करने के लिए दो राउंड फायरिंग करने की जानकारी दी गई है। वहीं, एक दर्जन लोग घायल हुए हैं। इनमें वरीय पुलिस अधिकारी, जवान और अन्य लोग शामिल है।

**पुलिस छावनी में बदला पूरा क्षेत्रः** प्राथमिकी में विवाद का केंद्र पंच मंदिर चौक के समीप अशोक चौक को बनाया गया है। मंगला जुलूस के दौरान ग्वालटोली चौक का जुलूस वहां से गुजरा था। अशोक चौक पर रात करीब 10 बजे जुलूस के गुजरने के दौरान आपत्तिजनक गाना बजाने का आरोप लगाया गया। मस्जिद रोड सहित अन्य क्षेत्र को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया है।

**दोनों पक्षों से शांति बनाए रखने की अपीलः** सदर थाना में शांति समिति और सद्भावना की बैठक बुलाई गई। बैठक में जिला प्रशासन की ओर से दोनों पक्षों को स्पष्ट संदेश दिया गया है कि जिस किसी ने भी नियम व विधि व्यवस्था बिगाड़ने का प्रयास करेंगे, उसे गंभीर अंजाम भुगतने होंगे। बैठक में दोनों पक्षों के लोग शामिल हुए और कई सुझाव भी जारी किए गए। 30 नामजद अभियुक्तों में दोनों समुदाय के लोग हैं।

**जुलुस मार्ग की ड्रोन से होगी निगरानीः जिला प्रशासन :** घटना के बाद जिला प्रशासन पूरी तरह एक्शन मोड में है। जुलूस मार्ग में पड़ने वाले सभी घरों की तलाशी करने का निर्णय लिया गया है। शांति समिति की बैठक में इसके संदेश दिए गए हैं और तय किया गया कि जुलुस मार्ग की निगरानी ड्रोन से की जाएगी। जिस किसी के घर या छत पर पत्थर या अन्य आपत्तिजनक सामान मिलेंगे, उनपर एफआईआर दर्ज कर जेल भेजा जाएगा।

# अनिल टाइगर की हत्या के विरोध में मुरी -सिल्ली में प्रर्दशन ,सड़क जाम





संवाददाता

**मुरीः** बुण्डु चौक सिल्ली में आज भाजपा नेता अनिल टाइगर की हत्या के विरोध में प्रदर्शन कर सड़क जाम किया गया। विरोध का समर्थन भाजपा के साथ आजसू और जेकेएल एम के समर्थक थे। मुरी सिंगपुर चौक पर भी सड़क जाम हुआ। विरोध में जम कर नारे बाजी हुआ। भाजपा आजसू के समर्थक झंडे लेकर सड़कों पर उतर आए । रोड को झंडा लगा कर ब्लॉक किया । जिससे जगह जगह आवागमन बधित हुआ। राजनीति दलों ने हत्या की निन्दा की।




## राष्ट्रीय मानव अधिकार महिला संगठन का विस्तार, ममता वर्मा बनी प्रदेश अध्यक्ष



**रांची:** राष्ट्रीय मानव अधिकार संगठन का झारखंड में विस्तार किया गया है। वहीं समाजसेवी ममता वर्मा राष्ट्रीय मानव अधिकार की राष्ट्रीय अध्यक्ष साधना ओझा ने कहा कि स्वयंसेवक के आधार पर हमारे संगठन के तहत काम करें । आपको शांतिपूर्ण राष्ट्र के पक्ष और साथ ही हमारे सम्मानित संगठन के लिए सामाजिक गतिविधियों के लिए भारत सरकार के साथ सहयोग करना होगा । आपकी जिम्मेदारी भारतीय संविधान के अनुसार मानव अधिकारों और नागरिक अधिकारों की रक्षा करना होगा। इसलिए आपको यह जिम्मेदारी दी गयी है । वहीं ममता वर्मा ने भी कहा कि मैं अपनी पद की गरिमा रखूंगी और राज्य और देश के हित में काम करूंगी जिसमें मुख्य रूप से बधाई देने वाली में आराधना सिंह, स्वीटी ,सोम चटर्जी, गीता गुप्ता ,मनी वर्मा व अन्य लोगों ने बधाई दी।

# अनिल टाइगर की हत्या के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे बीजेपी नेताओं को पुलिस ने हिरासत में लिया





**संवाददाता**

**रांची:** राजधानी रांची के कांके थाना क्षेत्र में बुधवार को जिला परिषद के पूर्व सदस्य अनिल महतो टाइगर की गोली मारकर दिनदहाड़े हत्या करने के बाद आज झारखंड बंद बुलाया गया है। अब इसका असर रांची में दिख रहा है जहां भाजपा नेताओं ने जमकर विरोध प्रदर्शन किया है। विरोध कर रहे नेताओं को अब हिरासत में ले लिया गया है। वहीं अब हिरासत में रखे नेताओं से मिलने के लिए नेता प्रतिपक्ष और भाजपा नेता बाबू लाल मरांडी पहुंचे हैं।

**केंद्रीय रक्षा राज मंत्री संजय सेठ ने किया प्रदर्शन:** केंद्रीय रक्षा राज मंत्री संजय सेठ रांची में बिगड़ती कानून व्यवस्था एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता अनिल टाइगर की हत्या के विरोध में पिस्का मोड़ में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ धरना पर बैठे। उन्हें भी हिरासत में लिया गया।

भाजपा नेता अनिल टाइगर की हत्या के खिलाफ आहूत रांची बंद के तहत प्रदर्शन कर रहे भाजपा नेताओं को पुलिस ने हिरासत में लिया । केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने भी रांची में भाजपा नेता अनिल टाइगर की हत्या के खिलाफ प्रदर्शन किया । घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा, मैं एक जनप्रतिनिधि होने के नाते मूकदर्शक नहीं रह सकता। रांची अपराध की राजधानी बन गई है। हेमंत सोरेन की सरकार में कानून का राज खत्म हो गया है। यह जंगल राज है। मैं कहता हूं कि यहां 'योगी' मॉडल लागू होना चाहिए। सुबह डीएसपी मेरे आवास पर आए। मुझे सुरक्षा या गेस्ट हाउस में बैठने की जरूरत नहीं है, क्योंकि मैं एक जनप्रतिनिधि हूं। एसपी सिटी- रांची राज कुमार मेहता ने कहा, मामले में पुलिस कार्रवाई चल रही है। यहां अपराधियों के लिए कोई जगह नहीं है। उन्होंने कहा, हम सामान्य स्थिति बहाल करने और यहां दुकानें खोलने की कोशिश कर रहे हैं, क्योंकि 'बंद' लागू करना संवैधानिक अधिकार नहीं है। इससे पहले, भाजपा नेता प्रतुल शाहदेव को पुलिस ने हिरासत में ले लिया था और उन्हें ले गई थी, क्योंकि वह भाजपा नेता अनिल टाइगर की हत्या के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे थे । उन्होंने कहा, अपराधियों को पकड़ने के बजाय, शांतिपूर्ण तरीके से विरोध कर रहे राजनीतिक नेताओं को पुलिस पकड़ कर ले जा रही है। भाजपा नेता ने पार्टी के वरिष्ठ नेता अनिल टाइगर की हत्या को दुर्भाग्यपूर्ण बताया, जबकि रांची को अपराध की राजधानी बताया। शाहदेव ने कहा, जिस तरह से अनिल टाइगर की हत्या की गई, यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। रांची अपराध की राजधानी बनती जा रही है। पुलिस स्टेशन से सिर्फ 25 मीटर की दूरी पर, दिनदहाड़े, एक जनप्रतिनिधि की हत्या कर दी गई। आज पुलिस मुझे हिरासत में लेने आई है। काश पुलिस ने यह प्रयास तब दिखाया होता जब उन पर गोलियां चलाई गई थीं। झारखंड भाजपा नेता अनिल टाइगर की बुधवार को रांची में हत्या कर दी गई । एक अधिकारी ने बताया कि पुलिस के साथ मुठभेड़ के बाद हत्या के एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। एसएसपी रांची ने बताया, भाजपा नेता अनिल टाइगर की हत्या के आरोपी को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया गया है। उसे जांघ में गोली लगी है। पहचान होने के बाद पुलिस की टीमें उसका पीछा करने लगीं। पुलिस टीम को देखते ही उसने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने उसे गोली मार दी और गिरफ्तार कर लिया। मामले की जांच जारी है। घटना के बाद भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने रांची में भाजपा नेता अनिल टाइगर की हत्या को लेकर राज्य सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया और नारेबाजी की । राज्य में बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर राजनीतिक नेताओं ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की आलोचना की है।

**राजधानी में बंद का दिखने लगा व्यापक असर:** बंद के दौरान बीजेपी धुर्वा मंडल के अध्यक्ष उमेश यादव और वरिष्ठ भाजपा नेता कामेश्वर सिंह पुलिस हिरासत में लिये गये हैं। बूटी मोड़, पिठोरियो, पिस्का मोड़, रातू रोड, कांके चौक समेत कई प्रमुख इलाकों की सड़कों को जाम कर दिया गया है। बीजेपी के कार्यकर्ता सड़कों पर उतरकर राज्य की विधि व्यवस्था को लेकर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर रहे हैं। गुरुवार सुबह से ही विपक्ष के नेता सभी प्रमुख चौक चौराहों की दुकानों को बंद कराने में लगे थे। सुबह 9 बजते बजते राजधानी में बंद का व्यापक असर दिखने लगा था।

**सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम, एक हजार से अधिक पुलिस कर्मियों की तैनाती:** रांची बंद को लेकर पुलिस प्रशासन ने विशेष इंतजाम किये हैं। 1000 से अधिक पुलिसकर्मियों की तैनाती की गयी है। वहीं, विधि-व्यवस्था के लिए चार प्रशिक्षु डीएसपी सहित 12 डीएसपी और थाना प्रभारी समेत दो दर्जन से इंस्पेक्ट की तैनाती की गयी है। हर पॉइंट पर सुरक्षा का विशेष इंतजाम किया गया है। चौक-चौराहे पर ड्रोन कैमरा

सीसीटीवी, वीडियोग्राफी और फोटोग्राफी के माध्यम से बंद समर्थकों पर नजर रखी जायेगी। डीआईजी सह एसससपी चंदन सिन्हा ने कहा कि पूर्व की बंदी की तरह इस बंदी में भी जिला पुलिस और प्रशासन के लोग मुस्तैद रहेंगे। सीसीटीवी के कंट्रोल रूम में अधिकारी मौजूद रहेंगे, जो गड़बड़ी फैलाने वालों को चिन्हित कर उसका फुटेज रखेंगे। बंद को लेकर रैप, जैप, इको, जैप की महिला बटालियन, वज्र वाहन, रंगीन पानी का टैंकर, आश्रु गैस और फायर ब्रिगेड की तैनाती की गयी है।

**कार्यालय जिला परिषद, हजारीबाग**

ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या :– 45/2024–25

दिनांक 25/03/2025

मद का नाम :– जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट

| क्र0 | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | योजना पूर्ण करने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | कटकमदाग | ग्राम मसरातु में एन0एच0–100 से रामु कच्छप के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 22914000.00 | 10000.00 | 459000.00 | एक वर्ष |

1.वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि 03.04.2025
2.ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय 04.04.25 से 18.04.2025 अपराह्न 5:00 बजे तक।
3.निविदा खोलने का स्थान– जिला परिषद, हजारीबाग।
4.निविदा खोलने की तिथि एवं समय 21.04.2025 पूर्वाहन् 10:00 बजे।
5.निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता – जिला अभियंता, जिला परिषद, हजारीबाग।
6.निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
7.ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0–06546 261406 ई–मेल – districtboardhazaribag@gmail.com
8.निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।
9.निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट या www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, हजारीबाग

PR 349289 (District)24-25*D

अनिल टाइगर हत्याकांड मामला

## विस में विपक्ष का प्रदर्शन, वेल में घुसे बीजेपी नेता और मंत्री



**संवाददाता**

**रांची:** झारखंड विधानसभा में गुरुवार की सुबह बीजेपी नेता सह पूर्व जिला परिषद सदस्य अनिल टाइगर की हत्या का मामला गरमा गया। सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले ही बीजेपी नेताओं ने राज्य की विधि व्यवस्था को लेकर धरने पर बैठ गये। सभी विपक्ष के नेता कानून व्यवस्था को ठीक करने और दोषियों पर कार्रवाई की मांग कर रहे थे। सदन की कार्यवाही जब शुरू हुई तो बीजेपी नेता और मंत्री दोनों वेल में जा घुसे। जिसके बाद स्पीकर ने कार्यवाही दोपहर 12.55 बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

**बीजेपी नेता बोले- झारखंड में कानून व्यवस्था धवस्त:** झारखंड विधानसभा के बाहर गुरुवार को राज्य की विधि व्यवस्था और पूर्व जिला परिषद सदस्य अनिल टाइगर हत्याकांड को अंजाम देने वालों पर कार्रवाई की मांग करते हुए बीजेपी नेता धरने पर बैठ गये। बीजेपी नेताओं का कहना था कि झारखंड का कानून व्यवस्था पूरी तरह धवस्त हो गया है। अपराधी बेलगाम हो गये हैं। राज्य में जंगल राज लौट आया है। वहीं, सत्ता पक्ष का कहना था कि सरकार को बदनाम करने की कोशिश की जा रही है। रांची विधायक और पूर्व मंत्री सीपी सिंह ने कहा कि स्पीकर हत्यारी सरकार को संरक्षण देना बंद करें।

**वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, राँची।**

सर्वसाधारण के लिए सूचना।



नाम–आशमा खातुन, उम्र–26 वर्ष, रंग–गोरा, ऊँचाई–5 फीट, पहनावा–सलवार सूट एवं नकाब पहनी हुई है।

उपरोक्त लापता महिला आशमा खातुन, उम्र–26 वर्ष, पति–जावेद अंसारी, ग्राम–मायापुर, थाना–मैक्लुस्कीगंज, जिला–राँची जो दिनांक–22.02.2025 को घर से बगैर बताए कहीं चली गई जो आजतक अपने घर वापस नहीं आई है। जिसके संबंध में मैक्लुस्कीगंज थाना सन्हा संख्या–22/2025, दिनांक–22.02.2025, दर्ज कर इनकी खोजबीन की जा रही है। उपरोक्त सूचना को सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जनसाधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता महिला कहीं मिलती/दिखती है तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

Email ID(mc-dcb@jhpolice.gov.in)
पुलिस उपाधीक्षक, खलारी, राँची। –9431706143
थाना प्रभारी मैक्लुस्कीगंज राँची। –9431706168

पुलिस उप–महानिरीक्षक–सह–
वरीय पुलिस अधीक्षक, राँची।

PR 349261 (Police) 24-25 (D)

**झारखण्ड सरकार**
**श्रम, नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग**
**जिला नियोजनालय–सह–मॉडल कैरियर सेंटर खूँटी**

भर्ती कैम्प–28.03.2025

राज्य के बेरोजगार युवकों को निजी क्षेत्र में नियोजित करने के उदेश्य से जिला नियोजनालय, खूँटी के द्वारा दिनांक:–28 मार्च 2025 दिन शुक्रवार को पूर्वाहन् 10:30 बजे से 3:00 बजे अपराह्न तक **जिला नियोजनालय खूँटी** में भर्ती कैम्प 2025 आयोजित किया जा रहा है। निम्नलिखित नियोजकों ने उपस्थित रहने की सहमति प्रदान की है:–

| SN | EMLOYER'S NAME & ADDRESS | POST & NO. OF VACANCIES | GENDER | AGE | QUALIFICATION | SALARY | JOB LOCATION |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Walkroo International Pvt Ltd, Karnataka | Trainee Machine - Helper-50 | Male | 18-45 | 8th,10th,12th, ITI, Diploma, graduation etc. | 13100 + OT,ESIC, Bonus, Gratuity | Karnataka |
| 2 | Premson's Motors, Ranchi | Sales Executive-20 | M/F | 18-35 | 10th & Above | 10K-15K | Khunti, Ranchi |

➢ योग्य एवं इच्छुक आवेदक (उम्मीदवार) जो पूर्व से निबंधित नही है वे अपने निकटतम नियोजनालय में अथवा www.jharniyojan.gov.in पर अपना निबंधन कराते हुए उपरोक्त उल्लेखित भर्त्ती कैम्प में नियोजक/नियोजक के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों की छाया प्रति, अंक प्रमाण पत्रों की छाया प्रति, आवासीय प्रमाण पत्रों की छाया प्रति तथा बायोडाटा दो प्रतियों में दो पासपोर्ट साईज के फोटो के साथ साक्षात्कार हेतू उपस्थित हो सकते है। जो उम्मीदवार पूर्व में निबंधित है उन्हे पुनः निबंधन कराने की आवश्यकता नहीं है। चूंकि रिक्तियाँ निजि क्षेत्र से संबंधित है अतएव चयन की प्रक्रिया में नियोजनालय का किसी प्रकार का हस्तक्षेप नहीं रहेगा। विभाग एवं नियोजनालय मात्र सुविधा प्रदाता के रूप में कार्य कर रहें है। भर्ती कैम्प में भाग लेने के लिए किसी भी प्रकार का मार्ग भत्ता देय नहीं होगा।

जिला नियोजन पदाधिकारी
खूँटी।

PR 349311 (Labour Employment and Traning) 24-25 (D)

## सुविचार

**कोई भी जन्म से बुद्धिमान नहीं होता, ज्ञान अपने प्रयासों से ही प्राप्त होता है।**

## नाइंसाफी का बुलडोजर

**बुलडोजर** एक्शन पर सुप्रीम कोर्ट को एक बार फिर तल्ख टिप्पणी करनी पड़ी है। हैरत की बात है कि देश की शीर्ष अदालत के बार-बार कहने के बावजूद, महाराष्ट्र से लेकर यूपी तक बुलडोजर के जरिये कथित इंसाफ की कोशिश जारी है, जबकि कानून इसकी इजाजत नहीं देता। सुप्रीम कोर्ट ने जिस घटना पर कहा कि यह उसकी अंतरात्मा को झकझोर देने वाली है, वह प्रयागराज की है। याचिकाकताओं का कहना है कि नोटिस देने के 24 घंटे के भीतर उनके मकान गिरा दिए गए। इसी तरह, महाराष्ट्र के मालवण में एक कबाड़ व्यापारी के घर पर ++ बुलडोजर चलाने के मामले में भी सुप्रीम कोर्ट ने स्थानीय नगर परिषद को नोटिस जारी किया है। लेकिन सबसे ज्यादा चौकाती है नागपुर की घटना, जहां हाल में घटी हिंसा के आरोपियों के घर नगर निगम ने ध्वस्त करा दिए। हर जगह पुलिस-प्रशासन के काम करने का तरीका एक जैसा दिखता है। जिस भी मामले से बड़े जनसमुदाय की भावनाएं जुड़ी होती हैं, उनमें फटाफट आरोपियों की संपत्ति की नाप-जोख शुरू हो जाती है। एक दिन नोटिस जारी होता है और अगले दिन बुलडोजर पहुंच जाता है अपील करने तक का मौका नहीं दिया जाता, जो हर नागरिक का संवैधानिक अधिकार है। नागपुर मामले में ही बॉम्बे हाई कोर्ट की नागपुर बेंच ने आरोपियों की प्रॉपर्टी के खिलाफ कार्रवाई पर रोक लगा दी, लेकिन जब तक आदेश आता, तब तक बहुत देर हो चुकी थी। प्रशासन का तर्क है कि निर्माण अवैध था। लेकिन, क्या बिना उचित सुनवाई के कार्रवाई करना वैध है? जो अवैध निर्माण बरसों से खड़ा है, जिस पर किसी अथॉरिटी की नजर नहीं जाती, अचानक वह इतना खतरनाक हो जाता है कि आनन-फानन में बुलडोजर चलाना पड़ता है। ऐसी ही तेजी सारे अवैध निमार्णों के खिलाफ क्यों नहीं दिखती? और इससे भी बड़ा सवाल है कि इतना बड़ा अवैध निर्माण हो कैसे जाता है? सुप्रीम कोर्ट ने नवंबर 2024 में कहा था कि दंडात्मक उपायों के रूप में बुलडोजर कार्रवाई असंवैधानिक है एक्शन से पहले नोटिस और सुनवाई का वक्त देना होगा सुप्रीम कोर्ट ने आदेश का उल्लंघन करने वाले अफसरों पर कार्रवाई तक की चेतावनी दी थी, लेकिन इसका असर होता नहीं दिख रहा और होगा भी क्यों, जब सरकारें खुद इसे प्रमोट करेंगी। इस पर रोक लगनी चाहिए।

## माननीयों का मानदेय

**संसदीय** कार्य मंत्रालय द्वारा एक गजट नोटिफिकेशन के अनुसार सरकार ने लोकसभा और राज्यसभा सांसदों के वेतन, भत्तों एवं पेंशन में एक अप्रैल 2023 से बढ़ोतरी की है। अब सांसदों का वेतन एक लाख से बढ़कर 1.24 लाख रुपये प्रतिमाह हो जाएगा। साथ ही दैनिक भत्ता दो हजार से ढाई हजार रुपये प्रतिदिन हो जाएगा। वहीं पूर्व सांसदों की पेंशन भी पच्चीस हजार से बढ़कर 31 हजार प्रतिमाह हो जाएगी। इसके साथ ही पांच साल से अधिक की सेवा के लिये सांसदों की अतिरिक्त पेंशन दो हजार से बढ़कर ढाई हजार रुपये हो जाएगी। उल्लेखनीय है कि इससे पहले सांसदों के वेतन व भत्तों में बदलाव अप्रैल 2018 में किया गया था। तर्क दिया जा रहा है कि माननीयों के वेतन में वृद्धि महंगाई और जीवन यापन की बढ़ती लागत के मद्देनजर की गई है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2018 के परिवर्तन के अनुसार सांसदों को अपने क्षेत्र में ऑफिस चलाने और लोगों से मिलने-जुलने हेतु सत्तर हजार रुपये का भत्ता भी मिलता है। इसके अतिरिक्त उन्हें कार्यालय के व्यय हेतु साठ हजार रुपये महीना और संसद सत्र के दौरान हर दिन दो हजार रुपये का भत्ता भी मिलता है। कहा जा रहा है कि अब इन भत्तों में भी बढ़ोतरी होगी। उल्लेखनीय है कि माननीयों को हर साल फोन व इंटरनेट हेतु भत्ता, अपने परिवार के लिये 34 फ्री डोमेस्टिक फ्लाइट, निजी यात्रा के लिये रेल में प्रथम श्रेणी में यात्रा सुविधा, सड़क मार्ग से चलने पर ईंधन का खर्च व मुफ्त बिजली झ पानी की सुविधा भी मिलती है। इसके अलावा सरकारी व निजी अस्पतालों में मुफ्त चिकित्सा सुविधा भी उपलब्ध करायी जाती है। यदि किसी रोग का भारत में पर्याप्त इलाज संभव न हो तो सरकार विशेष स्थिति में विदेश में उपचार के खर्च की अनुमति दे सकती है। साथ ही सरकारी आवास की सुविधा और यदि आवास न लें तो घर का भत्ता माननीयों को मिलता है। वहीं सरकार की दलील है कि वेतन-भत्तों में यह 24 फीसदी की वृद्धि लागत मुद्रास्फीति सूचकांक के आधार पर ही की गई है। दरअसल, सरकार ने अपने पिछले कार्यकाल में सांसदों के वेतन और भत्तों की हर पांच साल में समीक्षा करने का जो नियम बनाया था, उसका निर्धारण समय की महंगाई दर के आधार पर किया जाना था। निस्संदेह, लोकतंत्र के नीति-नियंताओं का जीवन विशिष्ट सुविधाओं का आकांक्षी होता है। वहीं सुख-सुविधाओं में वृद्धि तार्किकता की भी मांग करती है। यह नैसर्गिक न्याय ही होगा, यदि राजा और प्रजा के जीवन में समृद्धि की बयार समान रूप से होती है। इसमें अधिक अंतर भी न हो। किसी भी लोकतांत्रिक समाज में जनता का, जनता द्वारा और जनता के लिये के नारे का यथार्थ में फलीभूत होना भी जरूरी है। अभिजात्य संस्कृति की तार्किकता लोकतंत्र की कसौटी पर खरी नहीं उतरती। किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में प्रश्न आयकरदाता के धन के सदुपयोग व उसकी उत्पादकता का भी है। जिसके जरिये ?विसंगतियां दूर करने व असमानता की खाई पाटने की तार्किकता भी शामिल है। हम यह न भूलें कि महंगाई का दंश देश की आम प्रजा भी भुगत रही है। नीति-नियंताओं को उसके कष्ट दूर करने के लिये संवेदनशील ढंग से सोचना चाहिए। आम लोगों को सामाजिक सुरक्षा का कवच देने के मुद्दे को भी प्राथमिक बनाया जाना चाहिए। करोड़ों लोगों को सस्ती व गुणवत्ता की चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना भी हमारी प्राथमिकता बननी चाहिए। यह भी यक्ष प्रश्न कि देश की आजादी के साढ़े सात दशक बाद भी हमें अस्सी करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज देने को क्यों बाध्य होना पड़ रहा है। सार्वजनिक विमर्श में यह मुद्दा भी अकसर उठता रहा है कि जिस व्यवस्था की जनप्रतिनिधि संस्थाओं में करोड़पति जनप्रतिनिधियों का वर्चस्व हो, उनके लिये वेतन, भत्ते और पेंशन की तार्किकता क्या है? वहीं दूसरी ओर राजनीतिक विमर्श में नई-पुरानी पेंशन की आकांक्षा में चिंतित जनमानस को देशव्यापी एकरूपता के साथ विकल्प दिये जाने की भी जरूरत है। ताकि तेजी से उम्रदराज लोगों का देश होते भारत में करोड़ों लोगों का बुढ़ापा सुखमय हो सके। ताकि सुख, समृद्धि व सुकून राजा के घर भी हो और प्रजा के भी।

# कैसे रुकेगा राजनीति का अपराधीकरण

चुनाव सुधार पर काम करने वाले गैर सरकारी संगठन एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की रिपोर्ट में सामने आया है कि देश के 45 प्रतिशत विधायकों पर आपराधिक मामले दर्ज हैं। इस संगठन ने देश के 28 राज्यों और विधानसभा वाले तीन केंद्र शासित प्रदेशों के कुल 4123 विधायकों में से 4092 के चुनावी हलफनामे का विश्लेषण किया है।

**रमेश सर्राफ धमोरा**

हमारे देश के राजनेताओं में दिन-प्रतिदिन नैतिकता कम होती जा रही है। कई बड़े नेता आए दिन विवादास्पद बयान देखकर चचाओं में बने रहते हैं। वहीं, बहुत से निर्वाचित विधायकों, सांसदों, मंत्रियों सहित अन्य जनप्रतिनिधियों पर आपराधिक मामले दर्ज हो रहे हैं। जिससे राजनीति के क्षेत्र में काम करने वालों की छवि खराब हो रही है। देश की राजनीति में आज अपराध का इतना घालमेल हो गया है कि पता ही नहीं चलता कि कौन-सा जनप्रतिनिधि अपराधी है और किसकी छवि स्वच्छ है। अपराधी प्रवृत्ति के लोगों के नेता बनने से जहां राजनीति दागदार हुई है। वहीं, नेताओं की जनता की दूरी भी बढ़ने लगी है। मौजूदा समय में राजनीति, व्यवसाय बन चुकी है। राजनीति में वही लोग सफल होते हैं जो या तो बड़े नेताओं के परिवार से हैं या फिर बहुत पैसे वाले हैं। राजनीति के क्षेत्र में अब सेवा, संगठन, वफादार कार्यकताओं का कोई महत्व नहीं रह गया है। राजनीति पूरी तरह पैसों की चकाचौंध में लिप्त हो गई है।

एक समय था जब धरातल पर काम करने वाला पार्टी कार्यकर्ता आगे चलकर जनप्रतिनिधि बनता था। जमीन से उठकर आगे आने वाला नेता आम जनता से जुड़ा रहता था और वह जनता के सुख-दुख से वाकिफ होता था। इसलिए वह आमजन के हित में काम करता था। मगर अब लोग पैसे के बल पर पैराशूट से उतरकर राजनीति करने लगे हैं। पैसे के बल पर चुनाव जीत जाते हैं। इसलिए उन्हें आमजन की समस्याओं से कोई लेना-देना नहीं रहता है। ऐसे नेता पांचसितारा संस्कृति के वाहक होते हैं। ऐसे नेता राजनीति में आने के लिए पहले खूब पैसा खर्च करते हैं और जब किसी पद पर पहुंच जाते हैं तो जमकर भ्रष्टाचार कर पैसा कमाते हैं। ऐसे लोगों के कारण ही आज राजनीति समाज सेवा की बजाय व्यवसाय बन गई है। 1971 के लोकसभा चुनाव में झुंझुनू सीट पर देश के सबसे बड़े औद्योगिक घराने के कृष्ण कुमार बिड़ला को हराने वाले शिवनाथ सिंह गिल को मैंने 1998 से 2003 में विधायक के रूप में देखा है। वह अपने क्षेत्र से जयपुर जाते या अपने घर से विधानसभा जाते हमेशा सरकारी बस का ही उपयोग करते थे। कभी निजी गाड़ियों से नहीं घूमते थे। इसी के चलते उन्होंने राजनीति में 50 साल लंबी पारी खेली थी। वह ईमानदार थे इसीलिए ईमानदारी से रहते थे। आज हम देखते हैं कि राजनीतिक दलों के छोटे-छोटे कार्यकर्ता भी कई लाख रुपये की महंगी गाड़ियों में घूमते हैं। पार्टी का कोई नेता उनसे यह नहीं पूछता है कि इतनी महंगी गाड़ियां खरीदने के लिए पैसे कहां से आते हैं। सबको पता है कि राजनीति में आज छुटभैया नेता भी सत्ता की दलाली में पैसा कमा रहे हैं। दलाली के पैसों में बड़े नेताओं का भी हिस्सा होता है। इसीलिए उनकी तरफ कोई अंगुली नहीं उठाता है।

चुनाव सुधार पर काम करने वाले गैर सरकारी संगठन एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की रिपोर्ट में सामने आया है कि देश के 45 प्रतिशत विधायकों पर आपराधिक मामले दर्ज हैं। इस संगठन ने देश के 28 राज्यों और विधानसभा वाले तीन केंद्र शासित प्रदेशों के कुल 4123 विधायकों में से 4092 के चुनावी हलफनामे का विश्लेषण किया है। जिसमें आंध्र प्रदेश के सबसे ज्यादा 174 में से 138 यानी 79 प्रतिशत विधायकों ने जबकि सिक्किम में सबसे कम 32 में से सिर्फ एक विधायक 3 प्रतिशत ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले घोषित किए हैं। तेलुगु देशम पार्टी के सबसे ज्यादा 134 विधायकों में से 115 यानी 86 प्रतिशत पर आपराधिक मामले दर्ज हैं।

उक्त रिपोर्ट से पता चला कि 1861 विधायकों ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज होने की घोषणा की है। इसमें 1205 पर हत्या, हत्या की कोशिश, अपहरण और महिलाओं के खिलाफ अपराध जैसे गंभीर आरोप हैं। रिपोर्ट के अनुसार 54 विधायकों पर भारतीय दंड संहिता की धारा 302 के तहत हत्या के आरोप हैं। वहीं, 226 पर धारा 307 और भारतीय न्याय संहिता की धारा 109 के तहत हत्या की कोशिश के आरोप हैं। इसके अलावा 127 विधायकों पर महिलाओं के खिलाफ अपराधों के मामले दर्ज हैं। इनमें 13 पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 376 और 376 (2)(द) के तहत बलात्कार का आरोप है। धारा 376 (2)(द) एक ही पीड़ित के बार-बार यौन उत्पीड़न से संबंधित है।

एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की रिपोर्ट के अनुसार 543 लोकसभा सदस्यों में से 251 (46 प्रतिशत) के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं। उनमें से 27 को दोषी ठहराया गया है। रिपोर्ट के अनुसार लोकसभा में चुने जाने वाले आपराधिक आरोपों का सामना कर रहे उम्मीदवारों की यह सबसे बड़ी संख्या है। कुल 233 सांसदों (43 प्रतिशत) ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले घोषित किए थे। जबकि 2014 में 185 (34 प्रतिशत), 2009 में 162 (30 प्रतिशत) और 2004 में 125 (23 प्रतिशत) सांसदों के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं। 2024 में लोकसभा के लिये चुने गये 251 उम्मीदवारों में से 170 (31 प्रतिशत) पर बलात्कार, हत्या, हत्या का प्रयास, अपहरण और महिलाओं के खिलाफ अपराध सहित गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। विश्लेषण से पता चला कि यह 2019 में 159 (29 प्रतिशत) सांसदों, 2014 में 112 (21 प्रतिशत) सांसदों और 2009 में 76 (14 प्रतिशत) सांसदों की तुलना में भी वृद्धि है। एडीआर के अनुसार 18वीं लोकसभा में सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी भाजपा के 240 विजयी उम्मीदवारों में से 94 (39 प्रतिशत) ने आपराधिक मामले घोषित किए हैं। कांग्रेस के 99 विजयी उम्मीदवारों में से 49 (49 प्रतिशत) ने आपराधिक मामले घोषित किए हैं और समाजवादी पार्टी के 37 उम्मीदवारों में से 21 (45 प्रतिशत) पर आपराधिक आरोप हैं। विश्लेषण में पाया गया कि 63 (26 प्रतिशत) भाजपा उम्मीदवार, 32 (32 प्रतिशत) कांग्रेस उम्मीदवार और 17 (46 प्रतिशत) समाजवादी पार्टी उम्मीदवारों ने गंभीर आपराधिक मामले घोषित किए हैं। इसमें कहा गया है कि सात (24 प्रतिशत) टीएमसी उम्मीदवार, छह (27 प्रतिशत) डीएमके उम्मीदवार, पांच (31 प्रतिशत) टीडीपी उम्मीदवार और चार (57 प्रतिशत) शिवसेना उम्मीदवार गंभीर आपराधिक मामलों का सामना कर रहे हैं।

रिपोर्ट के अनुसार केरल के 20 में से 19 (95 प्रतिशत) सांसदों पर आपराधिक मामले दर्ज हैं जिनमें से 11 गंभीर अपराधों से जुड़े हैं। तेलंगाना के 17 में से 14 (82 प्रतिशत), ओडिशा के 21 में से 16 (76 प्रतिशत), झारखंड के 14 में से 10 (71 प्रतिशत) और तमिलनाडु के 39 में से 26 (67 प्रतिशत) सांसदों के खिलाफ आपराधिक मुकदमे लंबित हैं। वहीं, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, बिहार, कर्नाटक और आंध्र प्रदेश में लगभग 50 प्रतिशत सांसदों पर आपराधिक मामले दर्ज हैं। दूसरी ओर हरियाणा 10 और छत्तीसगढ़ 11 सांसद में केवल एक-एक सांसद पर आपराधिक मामले दर्ज हैं। पंजाब के 13 में से 2, असम के 14 में से 3, दिल्ली के 7 में से 3, राजस्थान के 25 में से 4, गुजरात के 25 में से 5 और मध्य प्रदेश के 29 में से 9 सांसदों पर आपराधिक मामले लंबित हैं।एक जनवरी 2025 तक वर्तमान या पूर्व विधायकों के खिलाफ कुल 4,732 आपराधिक मामले लंबित थे। इनमें सबसे ज्यादा उत्तर प्रदेश में 1,171 मामले दर्ज हैं। ओडिशा (457), बिहार (448), महाराष्ट्र (442), मध्य प्रदेश (326), केरल (315), तेलंगाना (313), कर्नाटक (255), तमिलनाडु (220), झारखंड (133) और दिल्ली (124) मुकदमे लंबित हैं।

उपरोक्त आंकड़ों को देखने से लगता है कि हमारे देश की राजनीति में अपराधियों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। यदि समय रहते इस पर लगाम नहीं लगाई गई तो यह देश की राजनीतिक व्यवस्था के लिए नासूर बन जाएगी। एक समय ऐसा होगा जब राजनीति का पूरी तरह अपराधीकरण हो जाएगा और स्वच्छ छवि के लोग राजनीति से दूर होते चले जाएंगे। सरकार को भी इस दिशा में कड़े कदम उठाने होंगे तभी राजनीति में बढ़ती अपराधियों की संख्या पर लगाम लग पाएगी।

# जलवायु परिवर्तन पर देश में नई नीति की जरूरत

खरीफ सत्र में मोटे अनाज, तिलहन, दलहन और चावल की उपज में सालाना वृद्धि के आंकड़े देखें तो जिस साल दक्षिण पश्चिम मॉनसून सभी फसलों के लिए बेहतर रहा उस साल उत्पादन भी ज्यादा रहा लेकिन अतिवृष्टि ने मक्के और तिलहन की उपज बिगाड़ी। अध्ययन में कहा गया है कि उत्पादन इस बात पर भी निर्भर करता है कि मॉनसूनी बारिश कब आती है।

**राकेश दुबे**

**भारतीय** रिजर्व बैंक के मार्च बुलेटिन में प्रकाशित अध्ययन में एक गंभीर चिंता जताई गई है, जो देश में वर्षा के वितरण में तेजी से आ रहे बदलाव और खाद्यान्न फसलों पर इसके असर से जुड़ी है। अध्ययन कहता है कि भारतीय कृषि अब भी काफी हद तक मॉनसून पर निर्भर है। आधुनिक सिंचाई सुविधाओं के विस्तार और जलवायु परिवर्तन से बेअसर रहने वाले नई किस्मों के बीज तैयार होने से राहत तो मिली है मगर मॉनसूनी बारिश अब भी निर्णायक होती है। दक्षिण-पश्चिम मॉनसून के दौरान होने वाली वर्षा खरीफ सत्र में कृषि उत्पादन के लिए बेहद जरूरी है।

वर्षा का तरीका बदलने या सूखे जैसी स्थिति से फसल उगाने का चक्र बिगड़ जाता है और कीटों एवं पौधों से जुड़ी बीमारियों की समस्या भी बढ़ जाती है। पर्याप्त और समान वर्षा होने से कृषि उत्पादकता बढ़ जाती है। मॉनसून में अच्छी बारिश रबी सत्र के अनुकूल होती है। मिट्टी में पर्याप्त नमी रहने और जलाशयों में पानी का स्तर अधिक रहने से गेहूं, सरसों और दलहन जैसी फसलों की बुआई के लिए आदर्श स्थिति तैयार होती है।

खरीफ सत्र में मोटे अनाज, तिलहन, दलहन और चावल की उपज में सालाना वृद्धि के आंकड़े देखें तो जिस साल दक्षिण पश्चिम मॉनसून सभी फसलों के लिए बेहतर रहा उस साल उत्पादन भी ज्यादा रहा लेकिन अतिवृष्टि ने मक्के और तिलहन की उपज बिगाड़ी। अध्ययन में कहा गया है कि उत्पादन इस बात पर भी निर्भर करता है कि मॉनसूनी बारिश कब आती है। उदाहरण के लिए जून और जुलाई में कम बारिश मक्का, दलहन और सोयाबीन के लिए खासतौर पर नुकसानदेह होती है क्योंकि मिट्टी में नमी कम होने के कारण बुआई अटक जाती है और पौधों की शुरूआती बढ़वार पर भी असर पड़ता है। इसी तरह कटाई के समय अत्यधिक वर्षा से तिलहन उत्पादन घट जाता है। पिछले साल मॉनसून में शानदार वर्षा और सटीक ठंड रहने से चालू वित्त वर्ष में फसलों का उत्पादन बेहतर रहने की उम्मीद है। अनुमान है कि पिछले साल के मुकाबले खरीफ का उत्पादन 7.9 प्रतिशत और रबी का 6 प्रतिशत बढ़ सकता है। भारतीय मौसम विभाग ने 2025 के लिए मॉनसून के अनुमान जारी नहीं किए हैं मगर विश्व मौसम विज्ञान संगठन का अनुमान है कि भारत में इस साल वर्षा सामान्य या इससे अधिक हो सकती है।

ध्यान रहे कि जलवायु परिवर्तन के कारण बारिश के पैटर्न में आने वाले बदलाव कृषि उत्पादन पर ज्यादा असर डाल सकते हैं। मौसम की अतिरंजना अब अनोखी बात नहीं रह गई है। भारत में पिछले साल 365 में से 322 दिन मौसम की अति दिखी थी। इससे देश में 4.07 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में लगी फसलें प्रभावित हुईं। 2023 में 318 दिन मौसम ऐसा रहा था। जब तक इन प्रतिकूल परिस्थितियों से निपटने के लिए बहु-आयामी नीति नहीं अपनाई जाती है तब तक ऐसी घटनाएं बढ़ती ही रहेंगी।

पिछले साल कम और असमान वर्षा के कारण गर्म हवा और बाढ़ की 250 घटनाएं सामने आईं। जलवायु परिवर्तन की वजह से बढ़ते तापमान और बाढ़ के कारण फसलों का उत्पादन घटने और इनमें पोषक तत्व कम होने का खतरा बढ़ता जा रहा है। बदलती परिस्थितियों को देखते हुए जलवायु के अनुकूल कृषि कार्यों की तरफ कदम बढ़ाना आवश्यक हो गया है। कृषि में जलवायु परिवर्तन सहने की क्षमता रखने तौर-तरीके, नालियों की प्रणाली में सुधार, बाढ़ एवं सूखा प्रबंधन और तकनीक अपनाकर कृषि क्षेत्र में क्षमता एवं टिकाऊपन बढ़ाया जा सकता है।

लंबे अरसे के लिए जल प्रबंधन पर भी हमें सतर्क रहना होगा। जैविक या रसायन रहित कृषि के बजाय प्राकृतिक कृषि को प्रोत्साहित करना होगा। इससे अलग-अलग मियाद वाली विविध फसलों से किसानों की आय ही नहीं बढ़ती बल्कि मिट्टी की गुणवत्ता भी बढ़ती है। कुल मिलाकर भारत को जलवायु परिवर्तन का प्रभाव कम करने और अनुकूल रणनीति अपनाने के लिए काम करना होगा।

# 450 साल से ज्यादा पुराना है गोवा का शिव मंदिर

जब भी देश के सबसे खूबसूरत और लोकप्रिय पर्यटन राज्य की बात होती है, तो सबसे पहले गोवा का नाम जरूर लेते हैं। भले ही यह एक छोटा सा राज्य है, लेकिन यहां के खूबसूरत और मनमोहक बीचेज पूरी दुनिया में फेमस हैं। इस बात में कोई दोराय नहीं है कि गोवा अपने खूबसूरत समुद्र तटों और नाइटलाइफ के लिए दुनियाभर में फेमस है। लेकिन गोवा सिर्फ अपनी खूबसूरती और मनमोहक बीचेज की वजह से नहीं बल्कि चर्चों के अलावा प्राचीन और प्रसिद्धि मंदिर के लिए भी जाना जाता है। यहां पर घूमना कई लोगों का सपना होता है।

बता दें कि गोवा में स्थित मंगेशी शिव मंदिर राज्य के सबसे प्राचीन शिव मंदिरों में से एक है। इस मंदिर में दर्शन के लिए जाना कई लोगों का सपना होता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको गोवा में स्थित मंगेशी शिव मंदिर के इतिहास, पौराणिक कथा, रोचक तथ्य और आसपास में स्थिति घूमने वाली शानदार जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं।



### मंगेशी शिव मंदिर

गोवा के पोंडा जिले में प्रियोल गांव में भगवान शिव को समर्पित मंगेशी मंदिर है। यह गोवा की राजधानी पणजी से करीब 21 किमी और मडगांव से करीब 26 किमी दूर स्थित है। इस मंदिर के आसपास के क्षेत्र को मंगेशी के नाम से जाना जाता है।

### मंगेशी शिव मंदिर का इतिहास

मंगेशी शिव मंदिर का इतिहास काफी पुराना है। बताया जाता है कि इस मंदिर का इतिहास करीब 450 साल से भी ज्यादा पुराना है। तो वहीं कुछ लोगों का मानना है कि मंगेशी मंदिर का निर्माण 18वीं शताब्दी में हुआ था।

वहीं अन्य लोगों का मानना है कि स्थानीय मराठा शासक के दान से इस भव्य मंदिर का निर्माण हुआ था। इस मंदिर से जुड़ी कई पौराणिक कहानियां भी प्रचलित हैं। वहीं महाशिवरात्रि के मौके पर इस शिव मंदिर में भक्त पूजा-पाठ के लिए पहुंचते हैं।

### पौराणिक कथा

मंगेशी शिव मंदिर की पौराणिक कथा के मुताबिक एक बार यहां देवी पार्वती के सामने भगवान शिव अचानक से बाघ के रूप में प्रकट हुए थे, तब मां पार्वती के मुंह से रक्षाम्‍ गिरीश शब्द निकला था। इसके बाद से भगवान शिव इस स्थान पर मंगिरीश के नाम से पूजे जाने लगे। वहीं एक अन्य पौराणिक मान्यता के मुताबिक इस शहर की रचना भगवान परशुराम ने की थी।

### मंदिर की वास्तुकला

भगवान शिव को समर्पित इस मंदिर की वास्तुकला भी लोगों को खूब आकर्षित करती है। इस मंदिर की वास्तुकला में हिंदू, मुस्लिम और ईसाई का भी मिश्रण देखने को मिलता है। मंगेशी मंदिर की सबसे अनोखी चीज यहां पर स्थित सात मंजिला अष्टकोणीय दीप स्तंभ है। यह दीप स्तंभ को पूरे गोवा शहर का सबसे ऊंचा स्तंभ माना जाता है। बाया जाता है कि मंदिर परिवार में एक सभागृह भी है, जहां पर एक साल 500 से ज्यादा लोग खड़े हो सकते हैं। मंगेशी मंदिर में कई गुंबद और झरोखे भी मौजूद हैं।

### घूमने की अन्य जगहें

मंगेशी शिव मंदिर के आसपास कई शानदार और खूबसूरत जगहें मौजूद हैं। जहां पर आप घूमने के लिए जा सकते हैं। इस मंदिर से करीब 36 किमी दूर बागा बीच, करीब 29 किमी दूर कोल्वा बीच और 39 किमी दूर अंजुना बीच को एक्सप्लोर कर सकते हैं। इन फेमस बीचेज से आप सनसेट और सनराइज के लुभावने दृश्यों को देख सकते हैं।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website :** www.metrorays.in **email :** metrorays.ranchi@gmail.com

## न्यूज ब्रीफ

### पुलिस लाईन विद्यालय में कक्षाओं के निर्माण कार्य का लिया जायजा



**साहिबगंज :** उपायुक्त हेमंत सती ने आज सशस्त्र बल झारखंड पुलिस जैप 9 परिसर में बनाए जा रहे नाले का निरीक्षण किया और कार्य की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने पदाधिकारियों को निर्देश दिए कि नाले का निर्माण निर्धारित समय सीमा के भीतर उच्च गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए, जिससे जल निकासी की समस्या का समाधान हो सके।इसके बाद उपायुक्त ने पुलिस लाईन विद्यालय का भी दौरा किया, जहां 06 अतिरिक्त कक्षाओं के निर्माण कार्य का जायजा लिया। उन्होंने निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जांच की और संबंधित पदाधिकारियों से विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने निर्देश दिए कि छात्रों के शैक्षणिक माहौल को ध्यान में रखते हुए निर्माण कार्य शीघ्र पूरा किया जाए।

### पुलिस ने दो कांड का आरोपी के घर में इश्तिहार चिपकाए

साहिबगंज : मुफस्सिल थाना पुलिस ने दो कांड का आरोपी के घर में इश्तिहार चिपकाए है। थाना प्रभारी मदन कुमार ने बताया कि मुफस्सिल थाना क्षेत्र के किशन प्रसाद निवासी नीतिश मंडल एवं महादेवगंज निवासी कमलेश यादव के विरुद्ध थाना में मामला दर्ज था और यह लोग लंबे समय से फरार चल रहे थे। जिसकी गिरफ्तारी के लिए न्यायालय से इश्तिहार निर्गत की गई।एस आई ददन कुमार शाह के नेतृत्व में ढोल नगाड़े के साथ आरोपी के घर में इश्तहार चिपकाए गया।

### पोस्को एक्ट के आरोप में गोड्डा निवासी अली हुसैन को गिरफ्तार

**साहिबगंज :** मुफस्सिल थाना पुलिस ने पोस्को एक्ट के आरोप में गोड्डा निवासी अली हुसैन को गिरफ्तार किया हैं।थाना प्रभारी मदन कुमार ने बताया कि अली हुसैन के विरुद्ध थाना में मामला दर्ज था यह लम्बे समय से फरार चल रहा था। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी करते हुए गिरफ्तार किया है पूछताछ के बाद जेल भेज दिया गया।

### यहां होने वाले कार्यक्रमों में बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है : उपायुक्त



**साहिबगंज :** उपायुक्त हेमंत सती ने आज हबीबपुर स्थित ऑडिटोरियम का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ऑडिटोरियम की व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने ऑडिटोरियम की साफ-सफाई बैठने की व्यवस्था लाइटिंग और सहित अन्य तकनीकी पहलुओं की समीक्षा की। उन्होंने पदाधिकारी को निर्देश दिए गए। उपायुक्त हेमंत सती ने कहा हबीबपुर ऑडिटोरियम क्षेत्र की सांस्कृतिक और सामाजिक गतिविधियों के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र है।यहां होने वाले कार्यक्रमों में बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है।निरीक्षण के दौरान प्रशासनिक पदाधिकारी और अन्य उपस्थित रहे।

### किसान वैज्ञानिक अंतरमिलन कार्यक्रम का आयोजन मिली उपयोगी जानकारी



**साहिबगंज :** आत्मा सभागार साहिबगंज में किसान-वैज्ञानिक अंतरमिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला कृषि पदाधिकारी-सह-परियोजना निदेशक आत्मा प्रमोद एक्का व कृषि विज्ञान केंद्र के प्रधान अमृत कुमार झा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान विभिन्न विभागों के पदाधिकारी और किसान भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।कार्यक्रम में किसानों ने बैंगन, टमाटर और भिंडी जैसी फसलों में लगने वाले कीटों से जुड़ी समस्याएं वैज्ञानिकों के समक्ष रखीं। वैज्ञानिकों ने सरल और व्यावहारिक समाधान प्रस्तुत किए, जिससे किसान संतुष्ट नजर आए। इसके अलावा गव्य, पशुपालन, उद्यान, मिट्टी जांच और भूमि संरक्षण जैसे विषयों पर भी विस्तृत जानकारी दी गई। जिला उद्यान पदाधिकारी अमितेश रंजन, जिला गव्य विकास पदाधिकारी, भूमि संरक्षण पदाधिकारी राहुल गुप्ता, सहायक मिट्टी रसायनज्ञ अभिजीत शर्मा और जिला कृषि अभियंता राम प्रकाश कुमार सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।किसानों ने इस तरह के आयोजनों को उपयोगी बताते हुए कहा कि इससे वैज्ञानिकों और किसानों के बीच सीधा संवाद संभव होता है, जिससे कृषि समस्याओं का समाधान आसानी से मिल जाता है। उन्होंने मांग की कि ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन समय-समय पर किया जाए ताकि कृषि क्षेत्र में नवीनतम तकनीकों की जानकारी प्राप्त होती रहे।

### सोना चोरी के मामले में वेल्लोर पुलिस की राधानगर में छापेमारी फरार आरोपी की तलाश जारी

**साहिबगंज/उधवा:** तमिलनाडु राज्य के वेल्लोर जिले की पुलिस ने 2006 में हुए सोना चोरी के एक पुराने मामले में फरार आरोपी की तलाश में राधानगर थाना क्षेत्र में छापेमारी की। वेल्लोर पुलिस की टीम ने राधानगर पुलिस के सहयोग से बुधवार को प्राणपुर के गुलामुद्दीन टोला निवासी मोसिन के घर पर छापा मारा, लेकिन आरोपी वहां नहीं मिला।वेल्लोर जिले के नॉर्थ क्राइम पुलिस स्टेशन के सब इंस्पेक्टर के. करुपापैया और मनोज के नेतृत्व में वेल्लोर पुलिस की टीम राधानगर पहुंची थी। उन्होंने बताया कि आरोपी मोसिन के खिलाफ 2006 में वेल्लोर जिले में एक घर का दरवाजा तोड़कर लाखों रुपये का सोना चोरी करने का मामला दर्ज है। इस मामले में वेल्लोर की एक अदालत ने मोसिन के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया है।वेल्लोर पुलिस की टीम ने राधानगर पुलिस के साथ मिलकर मोसिन के घर पर छापा मारा, लेकिन वह वहां नहीं मिला। पुलिस सूत्रों के अनुसार, मोसिन पिछले कुछ समय से फरार है। वेल्लोर पुलिस ने राधानगर पुलिस से मोसिन को पकड़ने में मदद करने का अनुरोध किया है।

# किसी भी प्रकार की कोई घटना दुर्घटना हो तो इसकी सूचना पुलिस पदाधिकारी को दें : एसडीओ

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंज :** नगर थाना परिसर में बुधवार को रामनवमी, ईद ,सरहुल पर्व को लेकर शांति समिति के सदस्यों के साथ एसडीओ के नेतृत्व में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई।जिसमें पुलिस पदाधिकारी के अलावा पूजा समिति के सदस्य, विभिन्न क्षेत्रों के मुस्लिम समुदाय के गण्यमान्य लोग शहर के गण्यमान्य लोग सामिल हुए। बैठक के दौरान थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने बैठक में मौजूद सभी सदस्यों को जिला प्रशासन की ओर से मिलने वाली गाइडलाइन से अवगत कराया। इसी दौरान समिति के सदस्यों ने विभिन्न क्षेत्रों में उत्पन्न होने वाली समस्याओं से अवगत कराया। मुस्लिम समुदाय के कुछ गण्यमन लोगों ने कहा कि पर्व के दौरान ईदगाह में सुरक्षा व्यवस्था साफ सफाई पानी का टैंकर होना बेहद जरूरी है। साथ ही पर्व के दौरान



खरीदारी के समय काफी भीड़ हो जाती है। जिसको लेकर ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त करने की जरूरत है। इधर थाना प्रभारी ने रामनवमी पूजा समितियों से पूजा विसर्जन जुलूस की जानकारी प्राप्त की । उन्होंने पूजा समिति के लोगों से कहा की अगर क्षेत्र में जुलूस प्रतिमा विसर्जन निकलता है तो अपने निर्धारित समय एवं दिए गए रूट चार्ट के हिसाब से ही निकले और अपने समय पर विसर्जन कर दें। मेला विसर्जन के समय किसी भी प्रकार के भड़काऊ गाना ना बजाए। किसी भी प्रकार की कोई घटना दुर्घटना हो तो इसकी सूचना पुलिस पदाधिकारी को दें। एसडीपीओ किशोर तिर्की ने कहा कि सभी समुदाय के पर्व के दौरान पुलिस सुरक्षा व्यवस्था में तैनात रहेगी। किसी भी प्रकार की अनहोनी ना हो इस पर पुलिस की कड़ी निगरानी रहेगी। अगर पर्व के दौरान किसी भी समुदाय के लोग माहौल बिगड़ने का काम करेंगे तो उसे पर पुलिस कड़ी कार्रवाई करेगी ।

## संवेदनशील इलाकों में विशेष निगरानी रखी जाएगी : उपायुक्त



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंज :** आगामी ईद-उल-फितर ईद व रामनवमी पर्व को लेकर जिले में विधि-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से समाहरणालय सभागार में उपायुक्त हेमंत सती और पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह की संयुक्त अध्यक्षता में गुरुवार को शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के पदाधिकारी, पुलिस प्रशासन अन्य संबंधित पदाधिकारियों ने भाग लिया।बैठक में उपायुक्त हेमंत सती ने पर्व के दौरान सौहार्द्र बनाए रखने के लिए विशेष दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि दोनों त्योहारों के अवसर पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी की जाएगी और संवेदनशील इलाकों में विशेष निगरानी रखी जाएगी। उपायुक्त ने साफ-सफाई, ट्रैफिक प्रबंधन और बिजली-पानी जैसी बुनियादी सुविधाओं को सुचारु रूप से बनाए रखने के निर्देश दिए।वहीं पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह ने जिले के सभी थाना प्रभारियों को अलर्ट रहने और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विवादित या संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी और ड्रोन व सीसीटीवी कैमरों की मदद से निगरानी रखी जाएगी। अफवाहों पर कड़ी नजर रखने और किसी भी अप्रिय घटना की सूचना तत्काल संबंधित अधिकारियों को देने के निर्देश दिए गए। में उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा, परियोजना निदेशक आईटीडीए संजय कुमार दास, अपर समाहर्ता गौतम भगत, अनुमंडल पदाधिकारी समेत जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे। सभी ने प्रशासन की ओर से की जा रही तैयारियों पर चर्चा की और संबंधित विभागों को आवश्यक जिम्मेदारियां सौंपी गईं।

## सभी कार्य उच्च गुणवत्ता के मानकों के अनुरूप तय समयसीमा में पूरे किए जाएं : उपायुक्त



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंज :** उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में गोपनीय कार्यालय में भवन प्रमंडल के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में निर्माण कार्यों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की गई।जिसमें प्रमुख परियोजनाओं की स्थिति, बजट उपयोगिता और समयबद्धता पर चर्चा की गई। उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिया कि सभी कार्य उच्च गुणवत्ता के मानकों के अनुरूप तय समयसीमा में पूरे किए जाएं।उन्होंने कहा कि योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिकता है। कार्यों में देरी या लापरवाही पर जवाबदेही तय की जाएगी। साथ ही उन्होंने पदाधिकारियों को आवश्यक संसाधनों का समुचित उपयोग करने और मैनपावर की कमी जैसी समस्याओं का शीघ्र समाधान निकालने के निर्देश दिए।बैठक के दौरान अभियंताओं ने क्षेत्रीय स्तर पर आ रही चुनौतियों और तकनीकी समस्याओं की जानकारी दी, जिस पर उपायुक्त ने आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने निर्माण कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करने और गुणवत्ता परीक्षण रिपोर्ट समय-समय पर प्रस्तुत करने को कहा।इस अवसर पर भवन प्रमंडल के अभियंता, कार्यकारी अभियंता, सहायक अभियंता सहित अन्य उपस्थित रहे।

## प्राचार्य कक्षा में हुई विकास समिति की बैठक



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंज :** शहर के साहिबगंज महाविद्यालय के प्राचार्य कक्ष में प्राचार्य की अध्यक्षता में महाविद्यालय के विकास समिति की बैठक आयोजित की गई।बैठक मुख्य रूप से साहिबगंज बी.एड महाविद्यालय की एनसीटी द्वारा मान्यता पुणः बहाल करवाने की दिशा में महाविद्यालय स्तर पर कमियों को दूर करने के संदर्भ में थी।ज्ञात हो कि राष्ट्रीय अध्यापक परिषद दिल्ली द्वारा कुछ दिनों पहले सिदो कान्हो मुर्मू विश्वविद्यालय अंतर्गत दो अंगीभूत महाविद्यालय गोड्डा बीएड कॉलेज गोड्डा और साहिबगंज बीएड कॉलेज की मान्यता वापस ले ली थी।बैठक मुख्य रूप से बीएड विभाग को मूलभूत संसाधनों एवं सुविधाओं से लैस करने के संबंध में आयोजित किया गया था।महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर एसआर आई रिजवी ने बैठक में समिति के सदस्यों को अवगत कराया कि भवन सुरक्षा प्रमाण पत्र भवन निर्माण विभाग साहिबगंज से निर्गत कर दिया गया है विभिन्न प्रकार के अन्य कागजों को प्राप्त करने के लिए स्थानीय सांसद एवं विधायक व उनके प्रतिनिधियों से प्राप्त मदद से जिला प्रशासन के विभिन्न सरकारी विभागों से जल्द से जल्द आवश्यक कागजात प्राप्त कर लिया जाएगा।इस बैठक में अग्निशमन उपकरण लगाने हेतु आमंत्रित निविदा में उपयुक्त निविदा को चयनित कर पर उपकरण लगाने का आदेश कंपनी को कर दिया गया।इसके अतिरिक्त महाविद्यालय के पुस्तकालय में पाठ्यक्रम के अनुरूप पुस्तकों को मंगवाने एवं प्रयोगशाला में आवश्यक उपकरण लगवाने का विकास समिति की बैठक में निर्णय लिया गया।बैठक में उपस्थित सभी प्राध्यापकों ने बीएड की मान्यता पुनः वापसी हेतु हर संभव प्रयास करने की कृतसंकल्पना जाहिर की। महाविद्यालय के बर्सर डॉ.सिदाम सिंह मुंडा,डॉ.प्रमोद कुमार दास, रसायन शास्त्र विभाग के विभागअध्यक्ष डॉ.अनिल कुमार, महिला महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.ध्रुव ज्योति कुमार सिंह, इतिहास विभाग के विभाग अध्यक्ष डॉ.शिवानंद अवस्थी, अर्थशास्त्र विभाग अध्यक्ष डॉ संजीव कुमार सिंह,राजनीति विज्ञान विभाग अध्यक्ष डॉ राजीव कुमार सिंह,बीएड विभागाध्यक्ष डॉ डेविड यादव,सहायक प्राध्यापक डॉ रविंद्र प्रसाद,प्रोफेसर नितिन कुमार घोष,मानस ओझा इत्यादि उपस्थित थे।

## छिड़काव कर्मियों को दिया गया आवश्यक दिशा- निर्देश



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंज :** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बोरियों का निरक्षण डॉक्टर बिरेन्द्र कुमार सिंह राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी राँची, झारखण्ड के द्वारा किया गया! जिसमे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बोरियों के अंतर्गत कालाजार प्रभावित गाँव मोती पहाड़ी संथाली में प्रथम चक्र कीटनाशी छिड़काव का निरक्षण किए।निरक्षण के दौरान घोल बनाने की प्रक्रिया, रजिस्टर, छिड़काव करने का तरीका, पम्प का प्रवाह दर, तिथि के दो दिन पहले सहिया के द्वारा दी जाने वाली छिड़काव पूर्व सुचना, घर -घर बुखार मरीजों का खोज आदि सभी आइआरएसक छिड़काव सम्बंधित मापदंडो का अवलोकन किए।साथ ही उपस्थित ग्रामीणों को छिड़काव से सम्बंधित जागरूक करते हुए लोगों को घर के सभी कमरों, गौशाला, बरामदा आदि जगहों मे छिड़काव करवाने का संदेश दिए एवं उपस्थित सभी एमपीडब्ल्यू और छिड़काव कर्मियों को आवश्यक दिशा- निर्देश देते हुए सभी घरों मे गुणवत्तापूर्ण छिड़काव कराने को कहा गया।मौके पर डॉक्टर सालखु चन्द्र हांसदा प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, श्री अनिल कुमार, डॉ हसीबूर हक डब्ल्यू एच ओ जोनल, डॉक्टर सत्ती बाबू डाबडा जिलाभीबीडी सलाहकार ,संजय कुमार डीपीओ पिरामल स्वास्थ्य, बिष्णु कुमार भगत बीपीएम,अजय केशरी पीरामल स्वास्थ्य, मनोहर पंडित एमटीएस, पप्पू कुमार घोष डब्ल्यू एच ओ मॉनिटर,रिशु कुमार सीएचओ सभी एमपीडब्ल्यू व सहिया आदि स्वास्थ्यकर्मी मौजूद थे।

## भड़काओ पोस्ट करने पर एडमिन से संबंधित व्यक्ति पर कानूनी कार्रवाई किए जाएंगे : एसडीपीओ

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंज/बरहरवा :** थाना परिसर में आगामी त्योहारों ईद,सरहुल, और रामनवमी को शांतिपूर्ण एवं आपसी सौहार्द्र के साथ मनाने को लेकर बुधवार को शांति समिति की बैठक कि गई।बैठक की अध्यक्षता बरहरवा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नितिन खंडेलवाल व बरहरवा बीडीओ सनी कुमार दास ने किया।इस दौरान मौजूद शांति समिति सदस्यो के समक्ष सर्वसम्मति से विभिन्न प्रस्तावओ का निर्णय लिया।सरहुल पर्व को मद्देनजर रखते हुए संबंधित दिन को बीएसके कॉलेज हॉस्टल से स्टेडियम तक यात्रा को लेकर पुलिस पदाधिकारी पुलिस बल की उपस्थित पर जोर दिया गया। वहीं उन्होंने बताया कि ईद का नमाज की तिथि अनुमानत 31 मार्च या 1अप्रैल को अदा किये जायेंगे।ईद की नमाज बरहरवा राजमहल रोड स्थित पहाड़ी बाबा चौक मस्जिद के समक्ष रोड पर नमाज अदा की जाती है। जो लगभग आधे घंटे तक आगमन अवरुद्ध होता है।इस दौरान पहाड़ी बाबा चौक पर पुलिस फोर्स तैनात करने और परिवहन की वैकल्पिक रास्ते से प्रचलित करने पर बल दिया गया।वहीं रामनवमी 30 मार्च से 6 अप्रैल तक है।प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी महा सत चंडी यज्ञ 2 अप्रैल से 6 अप्रैल तक चलेगी,यज्ञ का शुभारंभ 2 अप्रैल को मेले एवं यज्ञ का उद्घाटन भी विधिवत किए जाएंगे ।6 अप्रैल को महावीर झंडा का नगर



परिभ्रमण बरहरवा बिंदुधाम व अन्य दो अखाड़े से निकाले जाएंगे। महावीर झंडा अखाडा में बाइक रैली प्रतिबंधित रहेगा।वही रामनवमी महोत्सव में यज्ञ के दौरान बिंदु धाम पथ,स्टेशन चौक से बिंदु धाम पद तक मांस, मछली मुर्गा की दुकान को अस्थाई रूप से बंद रहेंगे।एसडीपीओ नितिन खंडेवाल ने कहा कि सोशल मीडिया पर सभी त्योहार ईद एवं रामनवमी महोत्सव को देखते हुए किसी भी प्रकार का आपत्तिजनक, भड़काओ पोस्ट करने पर एडमिन सहित संबंधित व्यक्ति पर कानूनी कार्रवाई किए जाएंगे। मौके पर विधायक प्रतिनिधि बरकत खान,प्रखंड विकास पदाधिकारी सनी कुमार दास, थाना प्रभारी सुमित कुमार सिंह, 20 सूत्री अध्यक्ष अशोक कुमार दास,अश्वनी आनंद,शक्ति नाथ अमन,धर्मवीर कुमार महतो, अशोक कुमार गुप्ता,मोहम्मद इकबाल, मोहम्मद शाहनवाज, शाहिद अली मौजूद रहे।

# अभिषेक बच्चन को अपना सबसे अच्छा को-स्टार मानते हैं जॉन



अभिनेता जॉन अब्राहम ने बॉलीवुड इंडस्ट्री के लोगों की तारीफ की है। साथ ही उन्होंने ऋतिक रोशन और रणबीर जैसे स्टारकिड्स को लेकर भी अपनी राय दी। उन्होंने इंडस्ट्री के अपने अनुभवों को भी साझा किया। जानिए जॉन अब्राहम ने क्या कुछ कहा। अभिनेता जॉन अब्राहम इन दिनों अपनी हालिया रिलीज फिल्म 'द डिप्लोमेट' को लेकर चर्चाओं में बने हुए हैं। इस बीच जॉन अब्राहम ने बॉलीवुड के स्टारकिड्स के साथ अपने रिश्तों पर बात की और बताया कि उन्होंने कई स्टारकिड्स के साथ पढ़ाई भी की है।

### अभिषेक बहुत अच्छे इंसान हैं

जूम के साथ हालिया बातचीत में जॉन अब्राहम ने कहा, मुझे इंडस्ट्री के लोग बहुत पसंद हैं। अभिषेक बच्चन मेरे सबसे अच्छे सह कलाकारों में से एक हैं। पूरी ईमानदारी से कहूं तो वो वाकई बहुत अच्छे इंसान हैं, जिनके साथ मुझे काम करने का मौका मिला। ऋतिक रोशन को मैं स्कूल के समय से जानता हूं। वो मेरे क्लासमेट थे और सबसे अच्छे लड़कों में से एक थे। उदय चोपड़ा भी मेरे क्लासमेट रहे हैं।

### रणबीर कपूर थे जॉन के जूनियर

जॉन ने आगे कहा, मेरे स्कूल के कई लोग आजकल इंडस्ट्री में काम कर रहे हैं। रणबीर कपूर मेरे जूनियर थे और आदित्य चोपड़ा मेरे सीनियर हुआ करते थे। जबकि आमिर खान मेरे सुपर सीनियर थे। हम सब एक ही स्कूल से हैं।

### इंडस्ट्री के लोगों से बहुत कुछ सीखने को मिलता है

इंडस्ट्री के लोगों की तारीफ करते हुए अभिनेता ने कहा, इंडस्ट्री से जुड़े लोगों में एक सहजता और आत्मविश्वास होता है। ऐसा इसलिए क्योंकि वो इस बिजनेस को काफी अच्छे से समझते हैं। उनका रवैया बहुत बढ़िया रहता है। वो लोग यहां के लोगों और जगहों को काफी अच्छे से जानते हैं। मैं इन लोगों से बहुत कुछ सीखता रहता हूं।



# उतार-चढ़ाव से भरा रहा मेरा करियर: शरवरी वाघ

अभिनेत्री शरवरी अभिनय के क्षेत्र में पांच साल का समय बिता चुकी हैं। इस दौरान उन्होंने कई शानदार फिल्में दीं। वाघ ने न्यूज एजेंसी आईएएनएस से खूब बात की। उन्होंने बताया कि उनका सफर उतार-चढ़ाव से भरा रहा है। शरवरी ने अपने अभिनय करियर की शुरुआत द फॉरगॉटन आर्मी - आजादी के लिए वेब सीरीज से की थी, जिसमें उनके साथ सनी कौशल मुख्य भूमिका में थे। इसके बाद वह बंटी और बबली 2 में नजर आईं। धीमी शुरुआत के बाद अभिनेत्री मुंज्या, महाराज और वेदा जैसी हिट फिल्मों में काम कीं, जिन्हें काफी पसंद किया गया। शरवरी ने बताया, मैं अपने सफर के लिए आभारी हूं, जो उतार-चढ़ाव से भरा रहा है। मैंने हर दिन कुछ नया सीखा है। मुझे लगता है कि यह शुरुआत है। मुझे लंबा सफर तय करना है। शिव रवैल के निर्देशन में तैयार अपकमिंग फिल्म 'अल्फा' में शरवरी वाघ अभिनेत्री आलिया भट्ट के साथ नजर आएंगी। कैट फूड शिबा के कैंपेन लॉन्च कार्यक्रम में हिस्सा लेने नई दिल्ली पहुंची शरवरी ने आलिया के साथ काम करने का अपना अनुभव भी साझा किया। शरवरी ने कहा, आलिया शानदार अभिनेत्री के साथ ही शानदार इंसान भी हैं और फिल्म में काम कर मुझे जो सबसे बड़ा फायदा मिला, यह था कि मुझे उनसे सीखने को मिला। उन्होंने कहा, मुझे हर दिन सेट पर उनके साथ रहना एक मास्टर क्लास की तरह लगता था। मैंने उनसे जो कुछ भी सीखा है, उसे मैं अपने अगले हर प्रोजेक्ट में लागू करूंगी। मैं आलिया के साथ काम करने का यह अवसर पाकर आभारी हूं। शरवरी की अपकमिंग फिल्म अल्फा के बारे में बता दें कि यह यशराज फिल्म्स की स्पाई यूनिवर्स की सातवीं फिल्म है। इसकी शुरुआत सलमान खान और कैटरीना कैफ की फिल्म टाइगर फ्रैंचाइज से हुई, पहले एक था टाइगर और उसके बाद टाइगर जिंदा है आई। इसके बाद वॉर, पठान और टाइगर 3 के साथ एक्शन और रोमांच का सफर जारी है। फ्रैंचाइज की आने वाली फिल्मों में अयान मुखर्जी के निर्देशन में तैयार वॉर 2, पठान 2 और टाइगर बनाम पठान शामिल हैं।





# सलमान की सिकंदर पर चली सेंसर की कैंची

सलमान खान की फिल्म सिकंदर 30 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होगी, जो ईद-उल-फितर के त्योहार के साथ आएगी। वहीं इस फिल्म को सेंसर बोर्ड से यू/ए सर्टिफिकेट मिल गया है, लेकिन कुछ बदलाव के साथ...

सलमान खान और रश्मिका मंदाना अभिनित फिल्म सिकंदर की रिलीज का हर कोई बेसब्री से इंतजार कर रहा है। इस फिल्म से कुछ शब्दों को हटाने के लिए कहा गया है, साथ ही फिल्म का रन टाइम भी सामने आ गया है। एक खबर के मुताबिक, फिल्म सिकंदर में गृह मंत्री से होम शब्द हटाने और एक राजनीतिक पार्टी के होर्डिंग को धुंधला करने को कहा गया है। अच्छी बात यह है कि एक्शन सीन में कोई बदलाव नहीं किए गए हैं। वहीं फिल्म सिकंदर का रन टाइम भी तय कर दिया गया है। फिल्म की लंबाई 2 घंटे 30 मिनट और 8 सेकंड है। सिकंदर को साजिद नाडियाडवाला ने बनाया है और ए आर मुरुगदास ने डायरेक्ट किया है। सलमान खान के साथ रश्मिका मंदाना भी मुख्य भूमिका में हैं। सलमान ने हाल ही में बताया कि मुरुगादॉस ने उन्हें एक्शन सीन के लिए खूब प्रेरित किया और इस फिल्म के लिए उन्होंने सुबह जल्दी शूटिंग भी की, जो वह पहले कभी नहीं करते थे। फिल्म में शानदार सिनेमैटोग्राफी एस. थिरुनावुकारसु ने की है। सिकंदर के सभी शानदार गाने प्रीतम ने तैयार किए हैं और बैकग्राउंड म्यूजिक संतोष नारायणन ने दिया है। फिल्म सिकंदर ईद पर सलमान खान की तरफ से उनके फैंस के लिए सबसे अच्छी ईदी होगी।

# दीपिका सहित बॉलीवुड सितारे जो फिटनेस के हैं दीवाने

बॉलीवुड सितारे सिर्फ़ अपनी एक्टिंग के लिए ही नहीं बल्कि फिटनेस के प्रति अपने समर्पण के लिए भी जाने जाते हैं। आइए, नजर डालते हैं कि दीपिका पादुकोण, कृष्णा श्रॉफ, दिशा पटानी, जैकलीन फर्नांडीज और सारा अली खान अपनी बेहतरीन फिटनेस को बनाए रखने के लिए किस तरह लगातार और विविध वर्कआउट रूटीन अपनाते हैं, जिससे उनकी एक्सरसाइज़ कभी उबाऊ नहीं लगती। दीपिका पादुकोणः दीपिका पादुकोण का फ़िटनेस अप्रोच उनकी एक्टिंग भूमिकाओं की तरह ही बहुमुखी है। उनके वर्कआउट में स्ट्रेंथ ट्रेनिंग, योग, कार्डियो, और पिलेट्स का संतुलित मिश्रण शामिल है। दीपिका, जो हमेशा फिटनेस की समर्थन करती हैं। वे फिटनेस को लेकर बहुत अनुशासित रहती हैं और अभी मिस नहीं करती, यहां तक कि अपनी प्रेग्नेंसी के तीसरे तिमाही के दौरान भी उन्होंने वर्कआउट करना नहीं छोड़ा। कृष्णा श्रॉफः कृष्णा श्रॉफ और उनके भाई टाइगर श्रॉफ ने भारत में स्क्रूको लाने और इसे लोकप्रिय बनाने में प्रमुख भूमिका निभाई हैं। फिल्म व्यवसाय की अपनी समृद्ध विरासत से हटकर, कृष्णा एक ऐसी पथप्रदर्शक हैं जिन्होंने इंडस्ट्री में एक फिटनेस आइकन और एंटरप्रेन्योर के रूप में अपने लिए एक प्रतिष्ठित स्थान बनाया है .



# कुणाल कामरा विवाद पर बोलीं कंगना रनौत

## दो मिनट की फेम के लिए कुछ भी कर रहे लोग

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नाम लिए बगैर उन पर विवादित टिप्पणी करने वाले स्टैंड-अप कॉमेडियन कुणाल कामरा को लेकर फिल्म जगत के कुछ सितारे समर्थन में तो कुछ विरोध में नजर आए। अभिनेत्री और मंडी लोकसभा सीट से सांसद कंगना रनौत ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि कॉमेडी के नाम पर किसी की इज्जत उछालना गलत है। ये वही लोग हैं, जो जिंदगी में कुछ नहीं कर पाए। कंगना ने कामरा के 'गद्दार' या 'दलबदलू' वाले मजाक को गलत बताते हुए कहा, आप कोई भी हो और किसी के काम से यदि असहमत हैं तो इस तरह से नहीं बोल सकते। जब बीएमसी ने मेरे ऑफिस को तोड़ा था तब भी कामरा ने मजाक उड़ाया था। मेरे साथ जो हुआ वह गैरकानूनी था और इनके साथ जो हुआ वह लीगल है। कंगना ने आगे कहा, आप कॉमेडी के नाम पर उनकी इज्जत उछाल रहे हैं। उनकी बुराई कर रहे हैं और उनके काम को नजरअंदाज कर रहे हैं। एकनाथ शिंदे जी किसी जमाने में रिक्शा चलाते थे। आज वो अपने दम पर हैं? और कॉमेडी के नाम पर ऐसा करने वालों के पास क्या है? उन्होंने खुद की जिंदगी में क्या किया है, ये लोग जो जिंदगी में कुछ कर नहीं पाए। मैं कहती हूं कि अगर वो कुछ लिख सकें तो साहित्य में क्यों नहीं लिखते? कॉमेडी के नाम पर गाली या अभद्रता करते हैं। कंगना ने कहा, कॉमेडी के नाम पर हमारे ग्रंथों का मजाक उड़ाना, लोगों का मजाक उड़ाना, माताओं-बहनों का मजाक उड़ाना गलत है। आजकल सोशल मीडिया पर किस तरह के लोग आ गए हैं, जो खुद को इनफ्लूएंसर्स कह रहे हैं। हमारा समाज कहां जा रहा है। दो मिनट की फेम के लिए ये क्या कर रहे हैं हमें इस बारे में सोचना चाहिए। बता दें, विवाद के बीच कॉमेडियन का एक पुराना वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें वह शिवसेना नेता संजय राउत के साथ दिखाई दिए थे। यह वीडियो साल 2020 का है, जब बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) ने कंगना रनौत के बांद्रा स्थित बंगले को ध्वस्त कर दिया था। कामरा, कंगना का मजाक उड़ाते और राउत के साथ पोज देते नजर आए थे।

# केआईपीजी 2025 सोनलबेन ने टेबल टेनिस में जीता स्वर्ण, पावरलिफ्टिंग में प्रदीप, सहिस्ता ने मचाई धूम



**नई दिल्ली :** खेलो इंडिया पैरा गेम्स 2025 के सातवें दिन गुजरात की पैरा ओलंपियन सोनलबेन पटेल ने महिलाओं की क्लास 3 टेबल टेनिस स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया। उन्होंने बिहार की विद्या कुमारी को आसानी से हराकर खिताब पर कब्जा किया। इंदिरा गांधी स्टेडियम कॉम्प्लेक्स में बुधवार को खेले गए अन्य टेबल टेनिस फाइनल मुकाबलों में 21 वर्षीय रिषित नथवानी और 14 वर्षीय दीपिका विजय ने पुरुषों की क्लास 5 और महिलाओं की क्लास 4 श्रेणी में चौंकाने वाली जीत दर्ज की।

### पदक तालिका में हरियाणा शीर्ष पर

खेलो इंडिया पैरा गेम्स 2025 के सातवें दिन के समापन तक 178 स्वर्ण पदक तय हो चुके थे। हरियाणा 32 स्वर्ण पदकों के साथ शीर्ष पर बना हुआ है, जबकि तमिलनाडु (28 स्वर्ण) और उत्तर प्रदेश (22 स्वर्ण) क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं।

### सोनलबेन पटेल का संघर्ष और सफलता की कहानी

37 वर्षीय सोनलबेन पटेल जब केवल छह महीने की थीं, तब उन्हें पोलियो हो गया था, जिससे उनके दोनों पैर और दाहिना हाथ प्रभावित हुआ और 90% दिव्यांगता हो गई। लेकिन उन्होंने कभी हार नहीं मानी और 2022 में बर्मिंघम कॉमनवेल्थ गेम्स में कांस्य पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। अब उन्होंने खेलो इंडिया पैरा गेम्स में भी लगातार दूसरी बार स्वर्ण पदक जीता। अपनी जीत के बाद सोनलबेन ने कहा, खेलो इंडिया पैरा गेम्स 2025 में न सिर्फ भाग लेना बल्कि लगातार दूसरी बार स्वर्ण जीतना अविश्वसनीय अनुभव है। मैंने कभी अपनी दिव्यांगता को अपनी सफलता की राह में रुकावट नहीं बनने दिया, और इस पर मुझे गर्व है।

### पावरलिफ्टिंग में बने चार नए राष्ट्रीय रिकॉर्ड

तीन दिनों तक चली पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता में चार राष्ट्रीय रिकॉर्ड बने। जसप्रीत कौर (45 किग्रा), मनीष कुमार (54 किग्रा), सीमा रानी (61 किग्रा) और झांडू कुमार (72 किग्रा) ने अपने-अपने भार वर्ग में रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन किया। हरियाणा के प्रदीप जून ने 107+ किग्रा भार वर्ग में 194 किग्रा वजन उठाकर लगातार दूसरी बार खेलो इंडिया पैरा गेम्स का स्वर्ण पदक जीता। प्रदीप, जो एक किसान परिवार से आते हैं, ने 2021 में पावरलिफ्टिंग शुरू की थी और अब वे राष्ट्रीय खेलों और खेलो इंडिया पैरा गेम्स में स्वर्ण जीत चुके हैं। अपनी कठिन यात्रा को याद करते हुए प्रदीप ने कहा, ₹मैं खेत में काम कर रहा था, तभी एक हादसे में मेरी टांग में नसों को नुकसान पहुंचा। सही इलाज न मिलने के कारण मेरी टांग काटनी पड़ी। मैं छह महीने तक अवसाद में रहा, लेकिन मेरे दोस्त जयदीप ने मेरा हौसला बढ़ाया और मुझे पावरलिफ्टिंग से जोड़ा, जिससे मुझे नई पहचान मिली। दिल्ली की सहिस्ता ने भी शानदार प्रदर्शन किया और पिछले संस्करण की रजत पदक विजेता इस बार 79 किग्रा भार वर्ग में 81 किग्रा वजन उठाकर स्वर्ण पदक जीतने में सफल रहीं। बचपन में एक गलत इंजेक्शन के कारण उनके घुटने को स्थायी नुकसान हुआ था, लेकिन उन्होंने अपनी कमजोरी को ताकत में बदला। अपनी उपलब्धि पर सहिस्ता ने कहा, ₹मैंने समय के साथ इसे स्वीकार किया। पहले मैं सिर्फ बाइसेप्स बनाना चाहती थी, लेकिन फिर मुझे पैरा पावरलिफ्टिंग का पता चला और यह मेरा लक्ष्य बन गया। राष्ट्रीय चैंपियनशिप में स्वर्ण जीतने के बाद, अब खेलो इंडिया में स्वर्ण जीतना मेरे करियर का बड़ा पड़ाव है। अगला लक्ष्य पैरालंपिक है। अन्य पावरलिफ्टिंग स्पधाओं में महाराष्ट्र के दिनेश बगाडे (107 किग्रा) और तमिलनाडु की अरुणमोली अरुणागिरी (86 किग्रा) ने भी स्वर्ण पदक जीते।

# मैं बल्लेबाज की तरह सोचता हूं, यही मेरी ताकत है : मोईन अली

एजेंसी

**गुवाहाटी :** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के ऑलराउंडर मोईन अली ने बुधवार को राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के खिलाफ अपने शानदार प्रदर्शन से टीम को पहली जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने 2 विकेट लेकर 23 रन दिए और खासकर नितीश राणा को क्लासिक ऑफ-स्पिन गेंद से बोल्ड कर सबका ध्यान खींचा। पोस्ट-मैच प्रेस कॉन्फ्रेंस में मोईन अली ने अपनी गेंदबाजी की रणनीति पर बात करते हुए कहा, ₹मैं हमेशा बल्लेबाज की तरह सोचता हूं, यही मेरी ताकत है। इससे मुझे यह समझने में मदद मिलती है कि सामने वाला बल्लेबाज क्या करने की कोशिश कर रहा है। केकेआर को अपने प्रमुख स्पिनर और पिछले सीजन के सबसे मूल्यवान खिलाड़ी सुनील नारायण की गैरमौजूदगी में एक असरदार गेंदबाज की जरूरत थी। कप्तान अजिंक्य रहाणे ने मोईन अली पर भरोसा जताया और उन्होंने



अपने फ्रेंचाइजी डेब्यू मैच में शानदार प्रदर्शन करते हुए 2 विकेट लेकर 23 रन दिए। वरुण चक्रवर्ती (2/17) की किफायती गेंदबाजी के साथ, मोईन अली ने भी शानदार स्पिन आक्रमण किया और राजस्थान रॉयल्स को गुवाहाटी में 151/9 के स्कोर पर रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मोईन ने इस मुकाबले में खुद को 'दूसरे स्पिनर' की भूमिका में सहज बताया और कहा कि यह भूमिका उन्हें हमेशा पसंद रही है। मोईन अली ने कहा, ₹मैं वरुण से पहले गेंदबाजी करने आया, इसलिए मेरी जिम्मेदारी थी कि मैं जितना हो सके कसी हुई गेंदबाजी करूं, ताकि वह दबाव बना सकें और विकेट निकाल सकें। मैं हमेशा ऐसे स्पिनर के साथ गेंदबाजी करता रहा हूं, जो मुझसे बेहतर होता है और जिसके पास मुझसे ज्यादा विविधताएं होती हैं। इसलिए मेरी भूमिका यही रहती है कि मैं रन रोकूं और दूसरे गेंदबाज के लिए विकेट लेने का मंच तैयार करूं। मोईन अली ने यशस्वी जायसवाल का विकेट चटकाया, लेकिन उन्होंने जिस तरह से नितीश राणा को क्लासिक ऑफ-स्पिन डिलीवरी पर बोल्ड किया, वह सबसे ज्यादा सुर्खियों में रहा। उन्होंने इस पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, ₹यह गेंद वास्तव में अच्छी थी। मैंने बस सही क्षेत्र में गेंदबाजी करने और उसे जितना संभव हो सके स्पिन कराने की कोशिश की। मेरी ताकत यह है कि मैं एक बल्लेबाज की तरह सोचता हूं, जिससे मुझे यह अंदाजा रहता है कि सामने वाला बल्लेबाज क्या सोच रहा होगा। मोईन अली, जो पिछले सीजन में चेन्नई सुपर किंग्स के लिए सिर्फ 48 गेंदें ही डाल पाए थे, ने बताया कि उन्हें केकेआर की प्लेइंग इलेवन में शामिल किए जाने की जानकारी मैच के दिन सुबह ही मिली। मोईन ने कहा, ₹मैं हमेशा तैयार रहने की कोशिश करता हूं। मुझे सुबह पता चला कि सुनील नारायण बीमार हैं और मुझे खेलने के लिए तैयार रहना होगा। उनकी जगह लेना मुश्किल है, लेकिन मैंने अपना काम अच्छे से करने की कोशिश की। स्पिन-अनुकूल पिच पर प्रदर्शन के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, ₹आज की पिच से स्पिनरों को मदद मिल रही थी। ऐसे विकेटों पर आप 300 रन नहीं बना सकते, शायद 200 भी मुश्किल हो जाए। यह अच्छी बात है कि हाई-स्कोरिंग मुकाबलों के बीच ऐसे मैच भी हो रहे हैं। मोईन अली भले ही केकेआर की पहली पसंद नहीं थे, लेकिन उन्होंने इसे लेकर कोई शिकायत नहीं जताई। उन्होंने स्वीकार किया कि एक बेहतरीन टीम में जगह बनाना आसान नहीं होता। मोईन ने कहा₹अभी भी सीखने की कोशिश कर रहा हूं और 37 साल की उम्र में भी अपने खेल में सुधार लाने की इच्छा रखता हूं। केकेआर एक संतुलित टीम है, जिसमें विदेशी खिलाड़ियों की शानदार लाइन-अप है। नारायण और आंद्रे रसेल जैसे खिलाड़ी हमेशा खेलते हैं, क्विंटन डी कॉक भी टीम का अहम हिस्सा हैं, इसलिए जगह बनाना मुश्किल होता है, लेकिन यही बड़ी टीमों की खासियत होती है। मोईन अली के इस शानदार प्रदर्शन से केकेआर को टूनामेंट की पहली जीत मिली और उन्होंने यह साबित कर दिया कि वह अब भी विश्व स्तरीय स्पिन ऑलराउंडर हैं।

# मुख्यमंत्री योगी ने आयुष और गृह विभाग के 283 चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपे

एजेंसी

**लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज यहां लोकभवन में उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग एवं उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग से चयनित आयुष और गृह विभाग के 283 चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सबसे पहले आप सबको हृदय से बधाई। यह नियुक्ति पत्र शासन की सूचित, पारदर्शिता का उदाहरण है। पिछले आठ साल में साढ़े आठ लाख से अधिक युवाओं को नौकरी मिली है। अभिभावकों ने जो सपना देखा था, वह आज पूरा हो रहा है। याद कीजिए आठ साल पहले यूपी के इन्हीं आयोगों की क्या स्थिति रहती थी। हाईकोर्ट से लेकर सुप्रीमकोर्ट तक याचिकाएं लंबित पड़ी रहती थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि भर्ती प्रक्रिया लटकी रहती थी। डेढ़ लाख से अधिक पुलिस भर्ती की गई। 60 हजार से अधिक पुलिस भर्ती अभी हाल में ही पूरी की गई है। इतने ही शिक्षकों की भी भर्ती की गई है। आज यूपी देश के विकास में रुकावट नहीं बन रहा है बल्कि ग्रोथ इंजन के रूप में यूपी खड़ा हुआ है। आज हर क्षेत्र में उत्तर प्रदेश आगे बढ़ रहा है। कुम्भ में दुनिए भर से आने वाले श्रद्धालुओं ने वहां की व्यवस्था की सराहना की है। उन्होंने कहा कि पारम्परिक चिकित्सा के लिए प्रधानमंत्री मोदी ने एक नया विभाग ही स्थापित कर दिया। पहले योग करने वालों पर लोग हँसते थे। आज पूरी दुनिया योग कर रही है। पहले कुछ लोग हमारी विरासत को कोसने में ही अपनी उपलब्धियां समझते थे। जैसे ही पीएम मोदी ने अपनी विरासत का अगके करने का कार्य किया, पूरी दुनिया हमारी विरासत से जुड़ना चाह रही है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने प्रदेश में संचालित आयुष के मेडिकल कालेज, अस्पताल, वेलनेस सेंटर व अन्य योजनाओं के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर आयुष विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर, प्रोफेसर, चिकित्सा अधिकारियों के साथ ही विधि विज्ञान प्रयोगशाला के कनिष्ठ सहायक के पद पर नियुक्त अभ्यर्थियों को भी नियुक्ति पत्र दिए गए। आयुष मंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु ने कहा कि प्रदेश के विकास में मुख्यमंत्री योगी ने नया कीर्तिमान स्थापित किया। इसीलिए आठ वर्षों से करोड़ों करोड़ लोगों के दिलों पर राज कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिस सूचित, पारदर्शिता, ईमानदारी के साथ नौकरी मिली है, आपको नियुक्ति पत्र आज मिल रहा है, आप भी उसी तरफ ईमानदारी और हृदय की गहराइयों से अपना कार्य कीजिये। उन्होंने चयनित अभ्यर्थियों को बधाई दी।



## मप्र में दिखने लगा गर्मी का असर, सीजन में पहली बार 7 शहरों में तापमान 40 डिग्री के पार

भोपाल, इंदौर, ग्वालियर-उज्जैन में भी गर्मी बढ़ी

एजेंसी

**भोपाल :** मध्य प्रदेश में गर्मी का असर दिखने लगा है। इस सीजन में पहली बार 7 शहरों में दिन का तापमान 40 डिग्री के पार पहुंच गया है। कई जगहों पर तीखी धूप खिल रही है। वहीं रात के तापमान में भी बढ़ोतरी हुई है। बुधवार को नर्मदापुरम, रतलाम, बड़वानी, नौगांव, शिवपुरी, गुना-दमोह में तापमान में बढ़ोतरी हुई है। भोपाल, इंदौर, ग्वालियर और उज्जैन भी गर्म रहे। मौसम विभाग ने अगले 2 दिन यानी 28-29 मार्च को गर्मी से थोड़ी राहत मिलने की संभावना जताई है। आज गुरुवार को दिन-रात के तापमान में 2 से 3 डिग्री की गिरावट हो सकती है।

प्रदेश में पिछले दो दिन से गर्मी का असर बढ़ा है। दिन में तीखी धूप खिल रही है। भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर, जबलपुर समेत अन्य शहरों में भी दिन का तापमान बढ़ गया है। रात के तापमान में भी बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। बुधवार को नर्मदापुरम में 40.9 डिग्री, रतलाम में 40.2 डिग्री, तालुन (बड़वानी) में 40.2 डिग्री, नौगांव (छतरपुर), शिवपुरी, गुना-दमोह में अधिकतम तापमान 40 डिग्री दर्ज किया गया। ग्वालियर, उज्जैन, खजुराहो, धार, टीकमगढ़, मंडला, सागर, सतना, शाजापुर, उमरिया, सिवनी, खरगोन और बैतूल में तापमान 39 डिग्री या इससे अधिक रहा। बड़े शहरों की बात करें तो ग्वालियर में 39.9 डिग्री, उज्जैन में 39 डिग्री, भोपाल में 38.8 डिग्री, इंदौर में 38.2 डिग्री और जबलपुर में पारा 38 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं, कई शहरों में तापमान सामान्य से 1 डिग्री से 4.5 डिग्री तक अधिक है।



## राजस्थान में मार्च में ही उबल रहा पारा, 41 डिग्री पार पहुंचा तापमान

**जयपुर :** राजस्थान में सीमावर्ती क्षेत्र में सक्रिय हुए पश्चिमी विक्षोभ के चलते बीकानेर और जोधपुर संभाग में अधिकतम तापमान दो डिग्री सेल्सियस तक लुढ़क गया है। मौसम परिवर्तन का सिलसिला लगातार जारी रहने से बुधवार को प्रदेश में अधिकतम तापमान धौलपुर में 41.8 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार गुरुवार को प्रदेश में सक्रिय हुए पश्चिमी विक्षोभ की वजह से सीमावर्ती जिलों में जहां एक बार फिर तेज आंधी के साथ बादलों की आवाजाही जारी रहेगी। इससे तापमान में चार डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट हो सकती है। इसके बाद 28 मार्च को उत्तरी हवा की वजह से प्रदेशभर के तापमान में मामूली गिरावट हो सकती है। जयपुर मौसम केंद्र के अनुसार प्रदेश में सक्रिय हुए नए पश्चिमी विक्षोभ के चलते अगले 48 घंटे तक प्रदेश में मौसम परिवर्तन का सिलसिला जारी रहेगा। इस दौरान जोधपुर और बीकानेर संभाग में तेज हवा चलने के साथ ही बादलों की आवाजाही जारी रहेगी। हालांकि इस दौरान बारिश होने की संभावना काफी कम रहेगी। इसके बाद 27 और 28 मार्च को प्रदेशभर में उत्तरी हवाओं से न्यूनतम तापमान में चार डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट होने की संभावना है। इसके बाद एक बार फिर प्रदेश में मौसम शुष्क रहेगा।

## पेयजल स्रोतों से हो रही छेड़छाड़ जीवन के लिए सबसे बड़ा खतरा

**रुद्रप्रयाग :** पीजी कॉलेज अगस्त्यमुनि में उत्तराखंड स्टेट काउंसिल फॉर साइंस एंड टेक्नोलॉजी (यूकोस्ट) एवं उत्तराखंड जल संस्थान देहरादून के सहयोग से दो दिवसीय कार्यशाला शुरू हुई। इस मौके पर पानी के महत्व पर चर्चा करते हुए विशेषज्ञों ने समय-समय पर पानी की गुणवत्ता की जांच पर जोर दिया। प्राचार्य केसी दुतपुड़ी ने कार्यशाला का उद्घाटन करते हुए कहा कि जल ही जीवन है, यह कथावत जीवन का सबसे बड़ा सत्य है। वर्तमान समय में विकास के नाम पर पेयजल स्रोतों के साथ हो रही छेड़छाड़ से पानी की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है, जो जीवन के लिए सबसे बड़ा खतरा बन रहा है। कार्यशाला के संयोजक डा. केपी चमोली ने कहा कि नदी, गाड-गदेरों और अन्य जलस्रोतों में पड़ रहा कूड़ा-कचरा शुभ नहीं है। जलसंस्थान के अपर सहायक अभियंता रेवत सिंह रात ने कहा कि ज्ञान का कोई अंत नहीं है। व्यक्ति को समस्त क्षेत्र का ज्ञान अर्जित करना चाहिए। उन्होंने व्यवहारिक जीवन में पानी की जांच के जानकारी को जरूरी बताया। उन्होंने जल के पीएच वेल्यू के बारे में भी बताया। यूकोस्ट को विशेषज्ञ डा. आशुतोष शर्मा ने कहा कि जल कोई उत्पाद नहीं है। बल्कि वह प्राकृतिक है और निरंतर उसके बहाव में परिवर्तन होता है। उन्होंने कहा कि जलस्रोतों का सूखना गंभीर समस्या है। इसलिए, जल संरक्षण के लिए सभी को मिलकर कार्य करना होगा। विशेषज्ञ मोहित किमोठी ने कहा कि जल की गुणवत्ता बदलती रही है, जिसकी मॉनीटरिंग जरूरी है। अंकित सिंह और अन्य ने जल की गुणवत्ता की पहचान कैसे करें, के बारे में जानकारी दी।

## चैत्र नवरात्र 30 मार्च से शुरू, छत्तीसगढ़ के नौ देवी मंदिरों का है बड़ा महत्व

**रायपुर :** इस साल चैत्र नवरात्र का शुभारंभ 30 मार्च को होने जा रहा है। शास्त्रों में चैत्र नवरात्र का विशेष महत्व बताया गया है। यह त्योहार वसंत ऋतु में आता है और मां दुर्गा के नौ स्वरूपों को समर्पित होता है। नवरात्र का अर्थ है- नौ रातें, जिसमें मां दुर्गा के नौ अलग-अलग स्वरूपो की आराधना होती है। इस दौरान मां शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कूष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी और सिद्धिदात्री की पूजा का विधान है। छत्तीसगढ़ में भी नवरात्रि का पर्व बहुत धूमधाम से मनाया जाता है। यहां देवी के विभिन्न रूपों की पूजा की जाती है और खासकर नवरात्रि के दौरान देवी मंदिरों में श्रद्धालु बड़ी संख्या में दर्शन करने आते हैं। छत्तीसगढ़ के 9 प्रमुख देवी मंदिर है जिनकी मान्यता और ऐतिहासिक महत्व है। छत्तीसगढ़ में देवी के अलग-अलग नामो से उनके अवतारों की पूजा की जाती है, जैसे कि देवी दाई, डोकरी दाई आदि। छत्तीसगढ़ी भाषा में माता को ह्लदाईह्व कहा जाता है।-डोंगरगढ़ में स्थित माँ बम्लेश्वरी का राजनांदगांव जिले के डोंगरगढ़ में स्थित माँ बम्लेश्वरी का मंदिर छत्तीसगढ़ के प्रमुख तीर्थस्थलों में से एक माना जाता है। यह मंदिर 1600 फीट की ऊंचाई पर स्थित है और इसके दर्शन के लिए



1000 सीढ़ियां चढ़नी पड़ती हैं। मां बम्लेश्वरी का यह शक्तिपीठ लगभग 2200 साल पुराना है। यहां शारदीय और वासंती नवरात्रि के दौरान विराट मेला आयोजित किया जाता है, जिसमें लाखों श्रद्धालु भाग लेते हैं। डोंगरगढ़ का प्राचीन नाम कामावतीपुरी था, और यहां राजा वीरसेन ने मंदिर का निर्माण कराया था। दंतेवाड़ा जिले में स्थित दंतेश्वरी माता मंदिर बस्तर क्षेत्र की सबसे सम्मानित देवी का मंदिर है। यह मंदिर 52 शक्तिपीठों में से एक माना जाता है। यह मंदिर बस्तर राज परिवार की कुल देवी को समर्पित है और यहां के दर्शन श्रद्धालुओं के लिए बेहद महत्वपूर्ण माने जाते हैं। यहां पूजा के दौरान नफी, बिरकाहली और करना जैसे वाद्य यंत्रों का इस्तेमाल किया जाता है। बस्तर दशहरा के दौरान दंतेश्वरी माता की विशेष पूजा होती है।

## बिहार में हाई कोर्ट के आदेश की अनदेखी, कंपनी का एग्रीमेंट रद्द, फिर भी हो रहे पैथोलॉजी टेस्ट

एजेंसी

**पटना :** बिहार में पटना हाई कोर्ट के आदेश की अनदेखी से बिहार हेल्थ सोसाइटी सवालों के घेरे में है। 24 मार्च को पटना हाई कोर्ट ने पैथोलॉजी सेवाओं के लिए 11 नवंबर को जारी नए वर्क ऑर्डर को तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिया था। कोर्ट के निर्णय के तीन बाद भी उस पर अमल नहीं हुआ है। हिंदुस्तान वेलनेस नाम की कंपनी अनुबंध रद्द होने के बाद भी विधिवत पहले की तरह काम कर रही है और जांच रिपोर्ट जारी कर रही है। कई अस्पतालों में यह खुले आम हो रहा है। उल्लेखनीय है कि बिहार स्टेट हेल्थ सोसाइटी ने 19 नवंबर 2024 को हिंदुस्तान वेलनेस और उसके पार्टनर खन्ना लैब के साथ पैथोलॉजी सेवाओं के लिए अनुबंध पत्र पर हस्ताक्षर किया था। पटना हाई कोर्ट ने पाया कि इस अनुबंध के जरूरी नियमों की अनदेखी की गई और जल्दबाजी में फैसला करते हुए बिना कंसोर्टियम के वजूद में आए ही हिंदुस्तान वेलनेस और खन्ना लैब को वर्क ऑर्डर जारी कर दिया था। इस संबंध में कोर्ट ने विभाग को जवाब देने के लिए एक हफ्ते का समय दिया है। पटना हाई कोर्ट ने 24 मार्च को सुनवाई के बाद अपना यह निर्णय सुनाया। अभी इस मामले की सुनवाई जारी रहेगी।

## भारतीय पर्वतारोही अनीता कुंडू आज से अन्नपूर्णा चोटी की चुनौतीपूर्ण यात्रा पर

एजेंसी

**नई दिल्ली :** भारत की शीर्ष पर्वतारोही और मोटिवेशनल स्पीकर अनीता कुंडू आज से नेपाल के अन्नपूर्णा शिखर के लिए चढ़ाई शुरू करेंगी। इस चुनौतीपूर्ण अभियान की सफलता में लगभग एक माह का समय लगने की उम्मीद है। इस चोटी पर तिरंगा फहराना उनका सपना है। हिमालय के इस शिखर पर पहुंचने के लिए वह 8,091 खड़ी ऊंचाई तय करेंगी। अनीता कुंडू के जनसंपर्क अधिकारी रमेश कुमार ने



' हिन्दुस्थान समाचार' से कहा कि हिमालय की इस पर्वतमाला में सबसे ऊंची चोटी अन्नपूर्णा है क इस पर पहली बार तीन जून, 1950 को मौरिस हर्जोगऔर लुइस लाचेनल ने चढ़ाई की थी। अन्नपूर्णा को अभी भी पर्वतारोहियों के लिए दुनिया के सबसे खतरनाक पहाड़ों में से एक माना जाता है। उन्होंने बताया कि अनीता आज दोपहर से कुछ समय पहले या उसके बाद अपने अभियान पर रवाना होंगी। उनके दल में लगभग 15 पर्वतारोही भी शामिल हैं। यह अभियान सिर्फ पर्वतारोहण मिशन नहीं, यह सामाजिक जागरुकता पहल भी है। इस वर्ष अनीता के अभियान की थीम ₹नशा मुक्त हरियाणा₹ है। उनका संदेश है, ₹स्वस्थ शरीर और मजबूत मन से ही ऊंचाइयों को छुआ जा सकता है। नशा केवल व्यक्ति को ही नहीं, बल्कि पूरे समाज को कमजोर करता है।₹ उन्होंने इस अभियान को शुरू करने से पहले युवाओं से अपनी ऊर्जा को सही दिशा में लगाने का आह्वान किया है। जनसंपर्क अधिकारी कुमार के अनुसार, अनीता कुंडू अब तक तीन बार माउंट एवरेस्ट (8,848 मीटर) फतह कर चुकी हैं।

## सराफा बाजार में तेजी से महंगा हुआ सोना, चांदी की भी बढ़ी चमक

एजेंसी

**नई दिल्ली :** लगातार तीन दिन की गिरावट के बाद घरेलू सराफा बाजार में आज मजबूती नजर आ रही है। आज के कारोबार में सोना और चांदी दोनों चमकीली धातुओं की कीमत में उछला आया है। सोना आज 120 रुपये से लेकर 130 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हो गया है। आज की तेजी के कारण देश के ज्यादातर सराफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 89,410 रुपये से लेकर 89,560 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 81,960 रुपये से लेकर 82,110 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में भी तेजी आने के कारण ये चमकीली धातु आज दिल्ली सराफा बाजार में 1,02,100 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना 89,560 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 82,110 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 89,410 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 81,960 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 89,460 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 82,010 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 89,410 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 81,960 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 89,410 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 81,960 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सराफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 89,560 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 82,110 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 89,460 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 82,010 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 89,560 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 82,110 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सराफा बाजार में भी आज सोना महंगा हुआ है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 89,410 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।



## शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स और निफ्टी उछले

**नई दिल्ली :** घरेलू शेयर बाजार में आज शुरूआती कारोबार के दौरान मजबूती नजर आ रही है। आज के कारोबार की शुरूआत गिरावट के साथ हुई थी, लेकिन बाजार खुलते ही खरीदारों ने लिवाली का जोर बना दिया, जिससे सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों की चाल में तेजी आ गई। सुबह 10 बजे तक का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.43 प्रतिशत और निफ्टी 0.39 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। 10 बजे तक का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से श्रीराम फाइनेंस, लार्सन एंड टूब्रो, ट्रेंट लिमिटेड, आईसीआईसीआई बैंक और हीरो मोटोकॉर्प के शेयर 1.61 प्रतिशत से लेकर 0.90 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर टाटा मोटर्स, डॉ रेड्डीज लेबोरेट्रीज, एशियन पेंट्स, हिंदुस्तान यूनिलीवर और अपोलो हॉस्पिटल के शेयर 5.40 प्रतिशत से लेकर 0.31 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते हुए नजर आ रहे थे। अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 1,833 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 949 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 884 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 22 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 8 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 34 शेयर हरे निशान में और 16 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे।

## न्यूज IN ब्रीफ

### दर्दनाक सड़क हादसे में तीन व्यक्तियों की मौत

**गुवाहाटी :** गुवाहाटी के बाहरी इलाका सोनापुर में गुरुवार की सुबह हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में तीन व्यक्तियों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि सोनापुर थाना क्षेत्र के जुगदल में भयावह सड़क हादसा तीन लोगों की मौत उस समय हुई जब तीन लोग एक छोटा मालवाहक वाहन (एएस-21एसी-3309) में सवार होकर जागीरोड से गुवाहाटी की ओर आ रहे थे। हादसे में चालक की भी मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने बताया है कि वाहन सोनपुर के जुगदल में सड़क के किनारे खड़े ट्रक (एएस-01पीसी-5615) के पीछे से जा टकराया, जिसकी वजह से वाहन में सवार चालक समेत तीन लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। दुर्घटना इतना जबरदस्त था कि वहां छोटा वाहन बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर सोनापुर पुलिस और सोनापुर यातायात पुलिस की टीम पहुंची। करीब 1 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद वाहन में फंसे तीनों मृतकों के शव को वाहन से बाहर निकल गया। पुलिस तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए गुवाहाटी मेडिकल कॉलेज एंड अस्पताल भेज दिया है। अंतिम सूचना मिलने तक मृतकों की पहचान नहीं हो पाई थी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### दर्दनाक सड़क हादसा में एक बाइक सवार की मौके पर मौत

**रायपुर :** रायपुर के सांकरा-सिमगा सिक्स लाइन पर गुरुवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि बाइक पर पीछे बैठी महिला गंभीर रूप से घायल हो गई है। हादसा इतना भयावह था कि बाइक सवार का शरीर दो भागों में बंट गया। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। जानकारी के मुताबिक घटना टाटीबंध ब्रिज के पास आज सुबह हुई, जब एक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी और बाइक सवार को काफी दूर तक घसीटते हुए ले गया। हादसे में बाइक चला रहे व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बाइक पर सवार महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल महिला को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामले में धरसीवां पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। इस दर्दनाक हादसे के बाद स्थानीय लोगों में बेहद आक्रोश है। वे सड़क पर तेज रफ्तार से दौड़ते भारी वाहनों पर रोक लगाने और सुरक्षा उपायों को कड़ाई से लागू करने की मांग कर रहे हैं। पुलिस मृतक व्यक्ति की शिनाख्त कर रही है। आरोपित ट्रक चालक फरार है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर आरोपित ट्रक चालक की तलाश में जुटी है।

### वाराणसी नगर निगम की बड़ी कार्रवाई, बीएसए कार्यालय और सांस्कृतिक संकुल पर ताला जड़ा

**वाराणसी :** गृहकर बकायेदारों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत नगर निगम ने गुरुवार को सख्त कार्रवाई की। नगर निगम की टीम ने दो सरकारी विभागों के गेट को सील कर ताला जड़ दिया। सुबह 10 बजे, संयुक्त नगर आयुक्त जितेंद्र कुमार आनंद और कर निर्धारण अधिकारी अनुपम त्रिपाठी के नेतृत्व में टीम बीएसए (बेसिक शिक्षा अधिकारी) कार्यालय पहुंची। कार्यालय पर 6,73,000 रुपये का गृहकर बकाया था। पहले भी कई बार गृहकर जमा करने के लिए नोटिस भेजा गया था, लेकिन भुगतान नहीं किया गया। इस पर नगर निगम ने सख्त कदम उठाते हुए सुबह 10 बजे बीएसए कार्यालय मे ताला जड़ दिया। इसके मात्र 30 मिनट बाद, दूसरी कार्रवाई सांस्कृतिक संकुल के खिलाफ की गई, जिस पर 57,000 रुपये का गृहकर बकाया था। कई बार नोटिस दिए जाने के बावजूद संस्थान द्वारा गृहकर का भुगतान नहीं किया गया। नगर निगम की टीम ने यहां भी कार्रवाई करते हुए प्रतिष्ठान पर ताला जड़ दिया। नगर निगम अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि भविष्य में भी बकायेदारों के खिलाफ इसी तरह की सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

### भवन निर्माण विभाग के चीफ इंजीनियर के घर ईडी ने की छापेमारी, करोड़ों रुपये मिले

**पटना :** राजधानी पटना में गुरुवार सुबह-सुबह प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की छापेमारी हुई। प्रवर्तन निदेशालय की टीम ने आइएएस अधिकारी संजीव हंस से जुड़े मामले में यह कार्रवाई की है। ईडी की टीम टेंडर घोटाले में भवन निर्माण विभाग के चीफ इंजीनियर तारिणी दास के पटना स्थित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। पटना के फुलवारीशरीफ स्थित पूर्णेन्दु नगर में तारिणी दास के ठिकानों पर छापेमारी की गई है। सूत्रों की माने तो अभी तक की कार्रवाई के दौरान ही ईडी को करोड़ों रुपए मिले हैं,जिसकी गिनती के लिए जांच टीम ने नोट गिनने वाली मशीन भी मंगाई है। फिलहाल प्रवर्तन निदेशालय की ओर से छापामारी की कार्रवाई की आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। बताया जा रहा है टेंडर को मैनेज करने के नाम पर विभाग में बड़ी गड़बड़ी की जा रही थी, जिसके बाद ईडी ने यह कार्रवाई की है। सुबह-सुबह छापेमारी से प्रशासनिक महकमे में हड़कंप मच गया है।

### शाहजहांपुर में चार बच्चो की हत्या करने के बाद पिता ने की खुदकुशी

**शाहजहांपुर :** उत्तर प्रदेश के जनपद शाहजहांपुर में गुरुवार को दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। रोजा थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति ने अपने चार बच्चो की हत्या करने के बाद खुद की जीवन लीला भी समाप्त कर ली।पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी व अन्य अधिकारियों ने घटना स्थल का मौका मुआयना किया।पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और जांच कर रही है। रोजा प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मानपुर चचरी निवासी राजीव(36) ने बीती रात किसी समय अपनी पुत्री स्मृति (12), कीर्ति (9), प्रगति (7) तथा पुत्र ऋषभ (5) की गला रेत कर हत्या कर दी और खुद भी घर के अंदर फांसी लगाकर कर खुदकुशी कर ली। घटना की जानकारी सबसे पहले राजीव के पिता पृथ्वीराज को उस वक्त हुई।जब वो सुबह जब घर पहुंचे तो दरवाजे अंदर से बंद थे। छत के रास्ते किसी तरह अंदर गए तो वहां राजीव फंदे से लटका हुआ था और चारो बच्चो के शव चारपाई पर खून से लथपथ पड़े थे। राजीव की पत्नी अपने मायके गई हुई थी।घटना की सूचना पुलिस को दी गई।सूचना पर पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी व अन्य अधिकारियों ने भी घटना स्थल का मौका मुआयना किया और परिजनों से घटना की जानकारी ली। उन्होंने बताया कि राजीव का एक साल पहले एक्सीडेंट हो गया था सर में चोट लगने के कारण उसकी मानसिक स्थिति कुछ गड़बड़ थी और वह बहुत जल्द उग्र हो जाता था। पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने बताया कि एक युवक ने मानसिक परेशानी और पारिवारिक विवाद के चलते अपने चार बच्चो की हत्या कर खुदकुशी कर ली है।शवो को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।पुलिस गहनता से जांच कर रही है।

न्यूज ब्रीफ

## उपायुक्त ने किया प्रखंड सह अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण



दुमका : जिले के उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे ने बुधवार को मसलिया प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रखंड व अंचल के अभिलेखों का अवलोकन किया एवं सभी अभिलेखों को दुरुस्त रखने की बात कही।
इसी क्रम में उपायुक्त ने प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी को अंचल एवं प्रखंड कर्मियों के साथ नियमित समीक्षा बैठक करने एवं क्षेत्र का नियमित भ्रमण करने का निर्देश दिया।
निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी से योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी ली। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों से कहा कि सभी योग्य लाभुकों को सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने का कार्य करें। और किसी भी प्रकार के प्राप्त आवेदनों का त्वरित गति से निष्पादन करना सुनिश्चित करें।
इस दौरान उपायुक्त ने प्रखंड परिसर में पेयजल, बिजली, शौचालय एवं साफ-सफाई पर विषेश ध्यान देने का निर्देश दिया। मौके पर संबंधित प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी सहित अन्य उपस्थित थे।

## क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक ने रांची एयरपोर्ट का दौरा किया



**रांची :** निवेदिता दुबे, क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक, पूर्वी क्षेत्र, एएआई, ने रांची एयरपोर्ट का दौरा किया और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ हवाई अड्डे की सुविधाओं का निरीक्षण किया। यह दौरा यात्री अनुभव को बेहतर बनाने और संचालन दक्षता सुनिश्चित करने पर केंद्रित था। इसके अलावा, बिरसा मुंडा हवाई अड्डा और धालभूमगढ़ हवाई अड्डे के विकास पर चर्चा के लिए प्रमुख सचिव, झारखंड सरकार की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय बैठक आयोजित की गई।

## कला प्रदर्शनी में सृजनात्मक वस्तुएं की गई प्रदर्शित



गुमला : बिहार दिवस के अवसर पर स्थानीय वीर कुंवर सिंह स्टेडियम के प्रांगण में भव्य आयोजन सृजित किया गया था। तकरीबन 100 छोटी बड़ी कला गैलरीयां बनाईं गई थी। ढेरों तरह के कलात्मक सृजनात्मक वस्तुओं को प्रदर्शित कर एक मिशाल कायम किया गया। शिक्षा विभाग के द्वारा कला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया था। स्थानीय प्रोजेक्ट बालिका+2 विद्यालय चरपोखरी के कला शिक्षक रौशन राय व छात्राओं के द्वारा सृजित कोलाज आकर्षण का केंद्र रहा। कागज के कतरनों द्वारा निर्मित चित्र का अवलोकन करते हुए जिलाधिकारी तन्नय सुल्तानिया ने कहा अभिव्यक्ति का बेहतरीन माध्यम कोलाज। कोलाज में तरह तरह के रंगीन कागज का सार्थक व कलात्मक प्रयोग हुआ है जो साफ दृष्टिगत हो रहा है। इस अवसर पर जिला शिक्षा पदाधिकारी अहसन जी ने संबोधित करते हुए कहा कि कला शिक्षा का अंग है और इस दिशा में भोजपुर में बेहतर काम हो रहा है। जिला कार्यक्रम पदाधिकारी चंदन प्रभाकर ने अपने संबोधन में कहा कि यह कला प्रदर्शनी अपने आप में काफी कलात्मक और नए तरह का है।कला शिक्षकों और छात्र छात्राओं द्वारा सृजित कोलाज मूर्ति शिल्प कैनवास में कलात्मकता सृजनशीलता स्पष्ट दृष्टिगोचर होता है। वरिष्ठ अंग्रेजी शिक्षक व सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक विजय कुमार सिन्हा ने अपने संबोधन में कहा चित्रों की अपनी भाषा होती है, जो जीवन के मूल्यों को समाज के सामने लाती है । वरिष्ठ शिक्षक मनोज कुमार वरिष्ठ शिक्षक अजय राय कला प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए बारी बारी से कलाकारों से रूबरू होते हुए बोले कला आज कल और आज के कड़ी जोड़ विस्तारित होता है। यही सृजन क्षमता को उत्कृष्टता के तरफ मोड़ समय के सच को लाता है। वहीं गणित शिक्षक सुकेश कुमार, मुहम्मद प्रवेज आलम, चर्चिल टैगोर कला प्रदर्शनी में उपस्थित हो छात्राओं और कलाकारों को बधाईयां दी। कला प्रदर्शनी में अविनाश कुमार, राहुल कुमार, चौहान और रौशन राय के अथक प्रयासों का सृजनात्मक रूप दिख रहा था जिसे भोजपुर के कला प्रेमियों ने काफी सराहा। ढेरों ऐसे कला प्रेमी चित्रों का अवलोकन करते हुए रोमांचित हो रहें थे, जो रहस्यमय स्थिति परिस्थिति को कोलाज के त्रिआयामी प्रभाव के अवलोकन में देख समझ रहे थे। इस अवसर पर ढेरों प्रधानाध्यापक प्रभारी प्रधानाध्यापक उपस्थित हो अपना अपना विचार रखे उसमें मुख्य बालगंगाधर तिलक ,शशी शेखर शर्मा, रेणु जी भास्कर मिश्रा के साथ शहर के वरिष्ठ चित्रकार, पत्रकार, साहित्यकार, समाजसेवी लोगों का उपस्थिति दिन भर होते रहा। कला पदाधिकारी अनू प्रिया जी ने अपने संबोधन में कहा कि रंग और तूलिका का अदभुत सम्मिश्रण हुआ है। कलाकृतियां अपने समय की सारगर्भित समझ को विस्तारित करते दिखतीं है।वरिष्ठ कला शिक्षक रौशन राय ने अपने संबोधन में कहा जीवन सृजन का हिस्सा होता है, छात्र छात्राओं को कला शिक्षा और मौलिक व बेहतर तरीका से दिया जाना चाहिए। प्रदर्शनी में मुख्य रूप से कोलाज, इंस्टालेशन, प्राकृतिक दृश्य, संयोजन, पेंसिल छाया प्रकाश, के साथ ढेरों तरह के मूर्त अमूर्त कलाकृतियां प्रदर्शित किया गया था जो शहर के लिए नयापन के साथ कलात्मक था। ढेरों ऐसे कला प्रेमी थे जिन्होंने इस प्रदर्शनी के लिए शुभकामनाएं बधाईयां भेजीं उसमें मुख्य है। वरिष्ठ शिक्षिका अर्चना कुमारी,प्रतिमा कुमारी, संगीता कुमारी, पिंकी कुमारी, रिंकल कुमारी, अर्पिता यादव, रिंकी कुमारी,प्रिती कुमारी , प्रमोद कुमार,मिना देवी,सुनित त्रिपाठी,इंदू यादव, जयगोपाल, सिकंदर कुमार,सुभांशु कुमार,निरज कुमार के साथ ढेरों शिक्षक कलाकार, समाजसेवी लोगों ने शुभकामनाएं बधाईयां दी है।

# डीसीसी ने किया सरकारी योजनाओं की जांच



मेट्रो रेज संवाददाता
दुमका : जिले के उप विकास आयुक्त अभिजीत सिन्हा ने बुधवार को औचक रूप से दुमका सदर प्रखंड के पंचायत भवन गादीकोरैया का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में उप विकास आयुक्त श्री सिन्हा ने पंचायत भवन में संधारित 15वीं वित्त आयोग के अभिलेखों का अवलोकन किया । अवलोकन के दौरान योजना क्रियान्वयन में कतिपय अनियमितताएं पायी गयीं, जिस पर उप विकास आयुक्त द्वारा संबंधित पंचायत सचिव को स्पष्टीकरण निर्गत करते हुए वेतन अगले आदेश तक रोकने एवं मुखिया जी से उक्त अनियमितता के संबंध में प्रतिवेदन की मांग की गई। पंचायत सचिव एवं मुखिया द्वारा बताया गया कि दो पंचायत सहायक लगातार अनुपस्थित हैं, इस पर उप विकास आयुक्त द्वारा उक्त दोनों पंचायत सहायकों से स्पष्टीकरण प्राप्त कर नियमानुसार उनकी सेवा समाप्ति हेतु अग्रेतर कार्रवाई करें। साथ हीं प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, दुमका को निदेश दिया गया कि पंचायत स्तरीय सभी कर्मियों का पंचायत भवन में बायोमेट्रिक पद्धति से उपस्थिति सुनिश्चित करायें। तत्पश्चात उप विकास आयुक्त द्वारा पंचायत भवन में अधिष्ठापित पंचायत ज्ञान केन्द्र का निरीक्षण किया गया। पंचायत सचिव को निदेश दिया गया कि पंचायत ज्ञान केन्द्र में उपलब्ध पुस्तकों का लाभ तैयारी करने वाले छात्र-छात्राओं तक पहुँचाए। उप विकास आयुक्त द्वारा मनरेगा एवं आवास योजनाओं का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में मनरेगा का योजनापट्ट नहीं रहने के कारण रोजगार सेवक पर 500.00 (पाँच सौ) रू० का आर्थिक दण्ड लगाने का निदेश दिया गया। पंचायत सचिव को बोला गया कि आसन्न ग्रीष्म ऋतु के मद्देनजर पंचायत के सभी खराब चापाकलों का मरम्मति कराना सुनिश्चित किया जाए। अंत में उप विकास आयुक्त द्वारा आयुष्मान आरोग्य मंदिर (स्वास्थ्य उप केन्द्र), कोरैया एवं मध्य विद्यालय, मकरो में 15 वीं वित्त आयोग से अधिष्ठापित पुस्तकालय का निरीक्षण किया गया तथा पुस्तकालय को सुव्यवस्थित करने का निदेश दिया गया। निरीक्षण के क्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी उमेश मंडल, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, परियोजना पदाधिकारी चन्द्रशेखर पाण्डेय, संदीप कुमार, गादीकोरैया पंचायत के मुखिया एवं अन्य कर्मी उपस्थित थे।

## कला और संस्कृति ओकटेव 2025 महोत्सव में शामिल हुए अधिकारी

**बिनय मिश्रा**

पश्चिमी सिंहभूम जिला मुख्यालय शहर चाईबासा में पूर्व क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, कोलकत्ता, संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 25-27 मार्च तक आयोजित 3 दिवसीय पूर्वोत्तर भारत के राज्यों की कला और संस्कृति ओकटेव 2025 महोत्सव के दूसरे दिन आज जिला दंडाधिकारी -सह- उपायुक्त कुलदीप चौधरी के द्वारा उप महानिदेशक-डाक परिचालन विवेक कुमार दक्ष, पोड़ाहाट-चक्रधरपुर अनुमंडल पदाधिकारी श्रुति राजलक्ष्मी, सदर चाईबासा अनुमंडल पदाधिकारी संदीप अनुराग टोपनो, जिला खेल पदाधिकारी रूपा रानी तिर्की की मौजूदगी में शिरकत किया गया। इस मौके पर पूर्व क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र



के निदेशक आशीष कुमार गिरी के द्वारा उपस्थित जनों का स्वागत किया गया। महोत्सव के दूसरे दिन त्रिपुरा, सिक्किम, नागालैंड, मेघालय, मिजोरम, मणिपुर, अरुणाचल प्रदेश और असम के कलाकारों द्वारा अपनी-अपनी कला का प्रदर्शन किया गया। इस दौरान उपायुक्त एवं उप महानिदेशक के द्वारा महोत्सव में अधिष्ठापित हैंड क्राफ्ट एवं फूड स्टॉल का निरीक्षण किया गया तथा पूर्वोत्तर भारत की कला संस्कृति से संबंधित विविध जानकारी ली गई।

## दिव्यांग छात्रों एवं ग्रामीण विद्यालयों के विद्यार्थियों का जिला विज्ञान केंद्र में शैक्षणिक भ्रमण

**गुमला :** गुमला जिला प्रशासन के तत्वावधान में आज सिमडेगा जिले के 100 दिव्यांग छात्र-छात्राओं को शैक्षणिक भ्रमण के लिए जिला विज्ञान केंद्र, गुमला लाया गया। सिमडेगा के जिला शिक्षा अधीक्षक दीपक राम एवं सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी आदित्य राज के समन्वय में आयोजित इस कार्यक्रम में गुमला जिला के विज्ञान केंद्र के फेलो अविनाश गौरव एवं कार्यक्रम पदाधिकारी दिलदार सिंह द्वारा बच्चों को विज्ञान की विभिन्न गतिविधियों से अवगत कराया गया।
भ्रमण के दौरान दिव्यांग बच्चों ने विज्ञान की रोचक जानकारियों के साथ वर्चुअल फुटबॉल, म्यूजिकल ड्रम्स का आनंद लिया एवं मिनरल गैलरी, थ्रीडी प्रिंटिंग, रोबोटिक्स तथा नवीन तकनीकों का अवलोकन किया। इस अवसर पर उपस्थित शिक्षकों, अभिभावकों एवं विशेषज्ञों ने बच्चों की उत्सुकता और प्रसन्नता की सराहना की।
इस अवसर पर शिक्षक अनूप कुमार दास, अभिभावक सुनीता लोंगा, कौशल्या देवी, रिसोर्स टीचर एवं थेरेपिस्ट त्रिभुवन पटेल, जयप्रकाश सिंह, आदर्श कुमार, फेलिक्स एक्का, प्रदीप कुमार, रामकृष्ण यादव सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।
इसके अतिरिक्त, रायडीह प्रखंड के पीएमश्री प्लस टू उच्च विद्यालय के कक्षा 9 से 12 के 152 छात्रों ने भी आज जिला विज्ञान केंद्र का भ्रमण किया। शिक्षक उत्तम लकड़ा ने बताया कि इस शैक्षणिक यात्रा में विद्यार्थियों को विज्ञान केंद्र के अतिरिक्त नवरत्नगढ़, अराऊज ट्राइबल म्यूजियम, फिशरी कॉलेज और जोहार रागी सेंटर का भी भ्रमण कराया जा रहा है।
आकाश सिंह ने कहा कि विज्ञान केंद्र में मॉडल्स के माध्यम से वैज्ञानिक अवधारणाओं को रुचिकर ढंग से समझाया गया, जिससे विद्यार्थियों की जिज्ञासा बढ़ी। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने जिला प्रशासन को इस शैक्षणिक अनुभव के लिए धन्यवाद दिया।कार्यक्रम पदाधिकारी दिलदार सिंह एवं फेलो अविनाश गौरव ने बताया कि उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के निर्देशानुसार जिले के विद्यार्थियों में विज्ञान के आरती रुचि बढ़ाने के उद्देश्य से कई गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है।

## चंदन कुमार बिहार इंटरमीडिएट साइंस परीक्षा के स्कूल टॉपर बने

**साहिबगंज:** आर.डी.पब्लिक स्कूल शाहाबाद मिर्जाचौकी के चंदन कुमार बिहार इंटरमीडिएट साइंस परीक्षा 2025 में 449 अंक अर्थात 89.8 प्रतिशत अंक लाकर आर.डी.पी.उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दुबौली के स्कूल टॉपर बने। उन्होंने सभी विषयों में डिस्टेंसन अर्जित किए।वहीं देवेश कुमार पाण्डेय 378 अंक अर्थात 75.6 प्रतिशत,प्रज्ञा कुमारी372 अंक अर्थात 74.4 प्रतिशत और सृष्टि कुमारी 339अर्थात 67.8 प्रतिशत अर्जित कर अपने माता-पिता सहित संस्थान का नाम क्षेत्र में रौशन किया।यह सफलता गुणवत्तापूर्ण शिक्षकों के मार्गदर्शन और बच्चों के लगन,उत्साह,और कड़ी मेहनत के पश्चात प्राप्त हुआ है।वहीं स्कूल प्रबंधक अनदीप कुमार ने उन सभी बच्चों को शुभकामनाएं दी।और कहा कि हम बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए हमेशा प्रयासरत हैं।इस अवसर पर स्कूल के सभी शिक्षकगण भी उपस्थित रहे और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## 1662 कर्मियों को दिया गया नायाब तोहफा



बिनय मिश्रा

झारखंड के मुख्यमंत्री मैया सम्मान योजना पश्चात समाज कल्याण विभाग के तत्वाधान में 1662 कर्मियों के बीच स्मार्टफोन का वितरण कर उन्हें नायाब तोहफा दिया है इस प्रोत्साहित कार्यक्रम से आंगनबाड़ी सेविका एवं प्रवेशिका काफी हर्षित है और मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया है वर्तमान समय में समाज कल्याण विभाग के द्वारा 6 जनवरी 2025 को एक साथ मैया सम्मान योजना की राशि लाभुकों के खाते में भेज कर मुख्यमंत्री एवं विभाग ने एक इतिहास भी रचा वही आज पुणे इस विभाग ने अपनी उपलब्धि और कामयाबी पुनः एक बार दर्ज की है मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के सकारात्मक प्रयास और प्रोत्साहन हेतु आयोजित इस कार्यक्रम से विभाग के विकास कार्यों में अब तेजी भी आएगी वहीं इस कार्यक्रम के दौरान समाज कल्याण विभाग के सचिव मनोज कुमार भी विभाग में योगदान देने के पश्चात से निरंतर विभाग को बेहतर बनाने में जुटे हुए हैं और सफल भी रहे हैं भारतीय प्रशासनिक सेवा 2007 बीच के आईएएस अधिकारी मनोज कुमार 6 जनवरी को मैया सम्मान योजना के एक मुश्त राशिबृहद रूप से लाभुकों के बीच वितरित कर एक और जहां विभाग के लिए कृतिमान बनाया वही आज के कार्यक्रम में विभाग के सचिव मनोज कुमार ने मुख्यमंत्री को प्रतीक चिन्ह देकर विभाग की गौरव भी बढ़ाया गौरतलब विभाग सचिव के रूप में मनोज कुमार के योगदान देने के पक्ष से समाज कल्याण विभाग काफी बेहतर ढंग से कार्यों का निष्पादन करने के साथ-साथ इस विभाग को बेहतर बनाने में भी सफल रहे हैं ऐसे लिए अधिकारी से विभाग और राज दोनों गौरवान्वित होते हैं

## उधवा में सीएसपी संचालकों की मनमानी चरम पर, केवाईसी के नाम पर अवैध वसूली

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंज/उधवा:** उधवा प्रखंड क्षेत्र में संचालित सीएसपी ग्राहक सेवा केंद्र संचालकों की मनमानी चरम पर है। खाताधारकों का आरोप है कि सीएसपी संचालकों द्वारा केवाईसी के नाम पर अवैध वसूली की जा रही है। बताया जा रहा है कि सीएसपी संचालकों ने कथित रूप से अधिकतर खातों में केवाईसी लगा दिया है और खाता चालू करने के एवज में केवाईसी फॉर्म के नाम पर 200 रुपये प्रति खाताधारक वसूले जा रहे हैं, जो सरासर गलत है।खाताधारकों का आरोप है कि सीएसपी संचालक केवाईसी के नाम पर उनसे 200 रुपये वसूल रहे हैं। यह राशि केवाईसी फॉर्म भरने के नाम पर ली जा रही है, जो कि पूरी तरह से अवैध है। खाताधारकों का कहना है कि उन्हें केवाईसी के नाम पर उनसे जबरन पैसे वसूले जा रहे हैं। यदि आंकड़ों में गौर करे तो 10,000 खातों में केवाईसी के नाम पर 200 रुपये प्रति खाताधारक वसूले जाते हैं, तो सीएसपी संचालकों द्वारा 20 लाख से 25 लाख रुपये तक की अवैध कमाई की जा रही है। यह राशि गरीब खाताधारकों से वसूली जा रही है, जिनके लिए 200 रुपये भी बहुत बड़ी रकम है।सीएसपी संचालकों की इस मनमानी से खाताधारकों में भारी आक्रोश है। उनका कहना है। कि यह अवैध वसूली गरीब लोगों के साथ अन्याय है। उन्होंने प्रशासन से इस मामले में सख्त कार्रवाई की मांग की है।खाताधारकों ने प्रशासन से मांग की है कि सीएसपी संचालकों द्वारा की जा रही इस अवैध वसूली पर तत्काल रोक लगाई जाए और दोषी सीएसपी संचालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने प्रशासन से यह भी मांग की है कि खाताधारकों को केवाईसी के बारे में सही जानकारी दी जाए और उन्हें किसी भी तरह की अवैध वसूली से बचाया जाए।यह अवैध वसूली गरीब खाताधारकों के लिए एक बड़ी समस्या बन गई है। प्रशासन को इस मामले में तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए ताकि खाताधारकों को राहत मिल सके और उन्हें उनका हक मिल सके।

# सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय में 'जेंडर संवेदनशीलता' पर हुआ राष्ट्रीय सेमिनार

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**दुमका :** सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय दुमका में जेंडर संवेदनशीलता विषय पर कुलपति प्रो. बिमल प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का शुभारंभ बुधवार से हुआ। इस सेमिनार के उद्घाटन सत्र में तिलका मांझी भागलपुर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. जवाहर प्रसाद मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। सेमिनार में देशभर से लगभग दस महिला अध्ययन के क्षेत्र की प्रमुख हस्तियां वक्ता के तौर पर शामिल हुईं। इस सेमिनार में लगभग 100 शोधार्थी अपने शोधपत्र प्रस्तुत करेंगे। यह सेमिनार झारखंड सरकार के उच्च और तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा पीएम उषा योजना के तहत प्रायोजित है। कार्यक्रम की शुरूआत विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार पर अतिथियों का पारंपरिक लोटा-पानी से स्वागत एवं वीर सिदो कान्हु की प्रतिमा पर माल्यार्पण से हुई। इसके बाद विश्वविद्यालय के कुलगीत और दीप प्रज्वलन से कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत की गई। अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह प्रदान कर किया गया। मंच का संचालन राजनीति विज्ञान विभाग की शोध छात्राएं वैशाली और स्निग्धा ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत में विश्वविद्यालय के डीएसडब्ल्यू डॉ. जैनेंद्र यादव ने अपने विचार प्रस्तुत किए। उन्होंने इस विषय को रचनात्मक चिंतन के लिए आवश्यक बताया, ताकि इस दिशा में अपेक्षित प्रयास किए जा सकें। इसके बाद इतिहास विभाग की सहायक प्रोफेसर अमिता कुमारी ने स्त्री संघर्ष की अवधारणा पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि स्त्रियां झारखंड में अर्थव्यवस्था और परिवार की रीढ़ हैं, लेकिन निर्णय लेने में वे पीछे रहती हैं। उनके रचनात्मक योगदान को सही संदर्भ में नहीं देखा जाता है। तिलका मांझी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. जवाहरलाल ने महिला सशक्तिकरण पर अपने विचार साझा किए और इस मुद्दे की समसामयिकता पर जोर दिया। उन्होंने महिलाओं की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर चर्चा करते हुए उनकी संघर्षों में सहभागिता की सराहना की। डॉ. जवाहरलाल ने कहा कि




झारखंड में स्त्रियों को आर्थिक और सामाजिक स्वतंत्रता होने के बावजूद उनके पास अपने आय को खर्च करने का अधिकार नहीं है। इस पर उन्होंने चिंता व्यक्त की और इसे सुधारने की आवश्यकता पर जोर दिया। इस कार्यक्रम में भूमिपुत्र संथाल परगना के धुनी सोरेन को सम्मानित किया गया। धुनी सोरेन ने तिलका मांझी विश्वविद्यालय के कुलपति को अपनी पुस्तक भेंट की, जिससे उनका सम्मान किया गया। सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बिमल प्रसाद सिंह ने अपने अध्यक्षीय भाषण में झारखंडी समाज में स्त्रियों के जीवन की चुनौतियों और उपलब्धियों पर विचार किए। उन्होंने महिलाओं को 'वस्तु' के रूप में समझने की मानसिकता से समाज को मुक्त करने की बात की और महिला सशक्तिकरण को आत्मसशक्तिकरण से जोड़ते हुए इस दिशा में जागरूकता फैलाने पर जोर दिया। डॉ. ईवा मार्गेट हांसदा ने अपने संबोधन में इस विषय के तीन महत्वपूर्ण आयाम - अधिकार, सफलता और सशक्तिकरण - पर प्रकाश डाला। उन्होंने झारखंड की महिलाओं के योगदान का उल्लेख करते हुए यह कहा कि समानता और सशक्तिकरण के मामले में गति बहुत धीमी है, और इसके लिए हमें तेजी से प्रयास करने होंगे। मुख्य अतिथि ने प्रधानमंत्री द्वारा 'स्केल, स्केल और स्पीड' की बातों को ध्यान में रखते हुए इस दिशा में तेजी से काम करने की आवश्यकता जताई।
अंत में डॉ. अजय सिन्हा ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत करते हुए कहा कि यह आयोजन झारखंड राज्य के 25 वर्षों और भारतीय गणराज्य के 75 वर्षों के उपलक्ष्य में किया गया है। इसका उद्देश्य यह देखना है कि झारखंड की महिलाएं इस दौरान भारत के संदर्भ में कहां खड़ी हैं और भारत की महिलाएं विश्व पटल पर कहां स्थान रखती हैं।
पहला तकनीकी सत्र ₹झारखंड में लिंग और उच्च शिक्षा के बीच अंतर को कम करने₹ विषय पर प्रो. रंजना श्रीवास्तव की अध्यक्षता में हुआ। सत्र में पैनलिस्ट के रूप में डॉ. अनघा ताम्बे, डॉ. अचुयत चेतन और ममता कुमारी ने अपने विचार प्रस्तुत किए। उन्होंने इस मुद्दे पर चर्चा की और लिंग समानता की दिशा में आवश्यक कदमों पर प्रकाश डाला। पहले दिन के अंतिम सत्र में शोधार्थियों ने महिला विमर्श पर अपने शोधपत्र प्रस्तुत किए, जिनमें विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई। यह सत्र महिला सशक्तिकरण और शिक्षा में समानता की ओर एक महत्वपूर्ण कदम था।